रोहतक

शुक्रवार 29 मई 2026

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 30, अंक : 114
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 45.4
न्यूून. 22.3

# हरिभूमि


हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




प्रदेशाध्यक्ष बनने पर सीएम नायब सैनी ने लड्डू खिलाकर डॉ. अर्चना गुप्ता को बधाई दी।




## भीषण गर्मी से मिली राहत

# आंधी-तूफान के साथ 9 जिलों में गिरे ओले

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को गुरुवार शाम को राहत मिली। अचानक मौसम में बदलाव आया। 9 जिलों रेवाड़ी, सिरसा, हिसार, गुरुग्राम, नूंह, महेंद्रगढ़, भिवानी, चरखीदादरी और फतेहाबाद में बारिश-आंधी के साथ ओलावृष्टि हुई। रेवाड़ी, सिरसा और फतेहाबाद में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। फतेहाबाद के जांडवाला बांगर में तो तूफान के चलते मोबाइल टावर ही बीच से टूट कर नीचे की ओर लटक गया। प्रदेश में गुरुवार को सिरसा 45.4 डिग्री के साथ सबसे गर्म जिला रहा। वहीं, कई जिलों में तापमान 45 डिग्री के नजदीक ही दर्ज किया गया। आंधी-बरसात के साथ हुई ओलावृष्टि से कई जिलों में दर्जनों पेड़ व बिजली के पोल टूटकर गिर गए। सड़कों पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया।



- जगह-जगह पेड़ और खंभे गिरे
- आज भी बरसात होने के आसार

### नूंह में आंधी-तूफान का कहर: दो गांवों में दीवार गिरने से दो बच्चों की मौत

**नूंह।** जिले में गुरुवार देर शाम आए तेज आंधी-तूफान और बारिश ने भारी तबाही मचाई। टपकन गांव स्थित गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की दक्षिण दिशा की करीब 30 से 35 फुट लंबी दीवार तेज आंधी के दौरान गिर गई। पांच बच्चे मलबे के नीचे दब गए। हादसे में मोहम्मद अयान पुत्र अजहरुद्दीन, उम्र करीब 15 वर्ष, की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मासिक पुत्र मुबारक (13 वर्ष), कामिल पुत्र खुर्शीद (15 वर्ष), सुफियान पुत्र अजहरुद्दीन (11 वर्ष) और वसीम पुत्र सिराजुद्दीन (13 वर्ष) घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए शाहिद हसन का मेवाती गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। इसी प्रकार चंदेनी गांव में भी अनसेफ खान (9 वर्ष) पुत्र हैदर खान की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार अनसेफ खान चौथी कक्षा का छात्र था।

## कर्नाटक में बड़ा सियासी बदलाव, अटकलों पर लगा विराम

# सिद्धारमैया का इस्तीफा, डीके शिवकुमार हो सकते हैं सीएम

### बोले-आलाकमान ने जो कहा, मैंने वही किया

एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार को इस्तीफा दे दिया। उन्होंने बेंगलुरु में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- मैंने पहले ही कहा था कि हाईकमान जब कहेगा, मैं इस्तीफा दे दूंगा। कल हाईकमान ने कहा और आज मैंने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने बताया कि राज्यपाल थावरचंद गहलोत के सचिव को इस्तीफा सौंपा है। गहलोत फिलहाल पारिवारिक कारणों से बेंगलुरु से बाहर हैं। इसके बाद डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार का मुख्यमंत्री बनना तय माना जा रहा है। शुक्रवार को विधायक दल की बैठक में इसका ऐलान किया जा सकता है। सिद्धारमैया का हटना रोटेशनल सीएम फॉर्मूला के तहत माना जा रहा है। इससे पहले सिद्धारमैया ने अपने घर पर मंत्रियों के साथ बैठक की और फैसले की जानकारी दी। बैठक के दौरान डीके शिवकुमार ने सिद्धारमैया के पैर छुए, जिसके बाद दोनों गले मिले।



### खास बातें

1 सिद्धारमैया ने कहा- हाईकमान ने मुझे राज्यसभा जाने के लिए कहा था, लेकिन मैंने मना कर दिया। मेरी राष्ट्रीय राजनीति में कोई रुचि नहीं है। मैं सक्रिय राजनीति में बना रहूंगा।

2 सिद्धारमैया इस्तीफा देने के बाद दिल्ली रवाना हो गए। वहां वे कांग्रेस हाईकमान से मुलाकात करेंगे।

### यह कहा था सिद्धारमैया ने

सिद्धारमैया ने अपने पास राजनीति का लंबा अनुभव और पार्टी के 135 नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायकों में से 90 का समर्थन होने की बात कही थी। इसके अलावा, अल्पसंख्यक, पिछड़े वर्गों और दलितों खासकर कुरुबा और मुस्लिम समुदायों के बीच उनका एक बहुत मजबूत और व्यापक जनाधार था।

**कथित गुप्त समझौते की होती रही चर्चा :** सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच मुख्यमंत्री पद के लिए कड़े मुकाबले को सुलझाने के लिए कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने हस्तक्षेप किया और एक कथित समझौता कराया। इस समझौते के तहत सिद्धारमैया को राज्य का मुख्यमंत्री और शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री बनाया गया।

### 3 साल पहले लगी थी सीएम पद की होड़

तीन साल पहले मई 2023 में जब कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी, तब मुख्यमंत्री पद के लिए सिद्धारमैया औरशिवकुमार के बीच कड़ी होड़, जिसे गेम ऑफ थ्रोन्स भी कहा गया, शुरू हो गई थी। दोनों ही दिग्गजों ने इस शीर्ष पद के लिए अपनी मजबूत दावेदारी और पैरवी पेश की थी। उस समय दोनों ही नेताओं ने अपनी ताकत दर्शाते हुए सीएम पद पर दावा रखा था। नवंबर 2025 में सिद्धारमैया सरकार के ढाई साल पूरे होने के बाद फिर से शिवकुमार को रोटेशन फॉर्मूला के तहत सीएम बनाने की मांग उठने लगीं। फिर दिल्ली में आलाकमान के साथ कई दौर की बैठकें हुईं। हालांकि दोनों ही नेताओं ने खुलकर इस मुद्दे पर कुछ नहीं कहा।

**यह था शिवकुमार का पक्ष**

शिवकुमार ने कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में पार्टी को मुश्किल समय से निकालते हुए राज्य में चुनाव अभियान का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया था और कांग्रेस को एक शानदार जीत दिलाई थी। उन्हें राजनीतिक रूप से प्रभावशाली लिंगायत और वोक्कालिगा समुदायों के नेताओं का भी कड़ा समर्थन हासिल है।

# भाजपा में नारी शक्ति डॉ. अर्चना को कमान

## 1980 के बाद पहली बार महिला को बनाया प्रदेश अध्यक्ष

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में भाजपा ने नारी शक्ति को पार्टी की कमान सौंपी है। पानीपत की रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अर्चना गुप्ता को नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता को नियुक्त किया। पिछले काफी दिनों से प्रदेश में नया भाजपा अध्यक्ष बनाने को लेकर चर्चा चल रही थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की ओर से पत्र भी जारी कर इस आशय की सूचना दी गई है। 43 साल बाद कोई महिला हरियाणा भाजपा की अध्यक्ष बनी हैं। इनसे पहले 1980 में डॉ. कमला वर्मा हरियाणा में पार्टी की पहली महिला अध्यक्ष बनीं थी। पहले माना जा रहा था कि मोहनलाल बड़ौली को ही दोबारा मौका मिल सकता है। वह लगातार मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ नजर आते थे। जब उन्हें बदलने की तैयारी हुई तो डॉ. अर्चना गुप्ता के अलावा अंबाला से पूर्व मंत्री असीम गोयल के नाम पर भी चर्चा हुई। गोयल को सीएम नायब सैनी का करीबी माना जाता है। वहीं, अर्चना गुप्ता केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और संगठन की करीबी मानी जाती हैं।

**गोल्ड मेडलिस्ट रेडियोलॉजिस्ट**

**जन्म :** 20 जनवरी 1968

**जन्म स्थान :** समालखा (पानीपत)



**पेशे से डॉक्टर :** डॉ. अर्चना गुप्ता पेशे से गोल्ड मेडलिस्ट डॉक्टर हैं। उन्होंने वर्ष 1990 एमबीबीएस, पीजीआईएमएस, 1994 में एमडी, रेडियोडायग्नोसिस (पीजीआईएमएस, रोहतक) से की। वे चिकित्सा सोसाइटी, उत्तर चौप्टर की संस्थापक अध्यक्ष भी हैं। भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) और भारतीय रेडियोलॉजिकल और इमेजिंग एसोसिएशन (आईआरआईए) की आजीवन सदस्य भी हैं।

### संगठन में नई ऊर्जा संचारित होगी : नायब



सीएम नायब सैनी ने कहा कि अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर पूरे प्रदेश के संगठन में नई ऊर्जा संचारित होगी। पीएम मोदी का धन्यवाद, जिन्होंने हरियाणा की बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए अग्रणी भूमिका निभाई।

### भाजपा नारी शक्ति को देती है प्राथमिकता : कै. अभिमन्यु



भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा डॉ. अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। भाजपा सदैव महिला सशक्तिकरण, नारी सम्मान एवं महिलाओं की भागीदारी को प्राथमिकता देती आई है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊर्जा, मजबूत जनसंपर्क एवं सेवा भाव के साथ हरियाणा में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

## खबर संक्षेप

### शायर बशीर बद्र का 91 साल की उम्र में निधन



**भोपाल।** उर्दू ग़ज़ल के शहंशाह डॉ. बशीर बद्र (91) नहीं रहे। उन्होंने गुरुवार दोपहर 12:15 बजे भोपाल में फानी दुनिया को अलविदा कहा। उर्दू अदब की रूह में समाए बशीर बद्र तक़रीबन 14 बरस डिमेंशिया की गिरफ़्त में रहे, जिससे उनकी याददाश्त कमजोर होती चली गई, मगर उनके शेर आज भी दिलों में धड़कते हैं। *(पेज 8 भी देखें)*

### टीएमसी नेता शांतनु सेन का प्रवक्ता पद से इस्तीफा



**कोलकाता।** पूर्व राज्यसभा सांसद शांतनु सेन ने गुरुवार को टीएमसी के राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पार्टी के भीतर चल रहे विवाद, खासकर आरजी कर मेडिकल कॉलेज दुष्कर्म और हत्या मामले को लेकर पार्टी के रुख की कड़ी आलोचना की। ममता ने जनवरी 2025 में शांतनु को पार्टी से निलंबित कर दिया था। *एजेंसी*

## अमेरिका-ईरान 60 दिन के सीजफायर पर राजी

**तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** अमेरिका और ईरान 60 दिन के संघर्षविराम समझौते पर सहमत हो गए हैं। अब सिर्फ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अंतिम मंजूरी बाकी है। दोनों देशों के बीच मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर सहमति बनी है। इसका मकसद संघर्ष विराम बढ़ाना और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर औपचारिक बातचीत शुरू करना है। ट्रंप ने समझौते पर फैसला लेने के लिए कुछ दिन का समय मांगा है। वहीं ईरान ने भी आधिकारिक तौर पर अब तक इसकी पुष्टि नहीं की है। प्रस्तावित समझौते के तहत होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही बिना रोकटोक जारी रहेगी। ईरान को 30 दिनों में समुद्री माइंस हटानी होंगी।

**ईरान होर्मुज से माइंस हटाएगा, ट्रंप ने मांगा समय**

## ई-बसों में छात्र कर सकेंगे फ्री में सफर

**पानीपत (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा के 10 शहरों में चल रही लो-फ्लोर इलेक्ट्रॉनिक एसी बसों में भी अब स्टूडेंट पास चलेगा। पानीपत में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इसकी घोषणा की। सीएम पानीपत में नए बने ई-बस डिपो का उद्घाटन करने पहुंचे थे। साथ ही पानीपत, पंचकूला, सोनीपत, यमुनानगर और कुरुक्षेत्र जिलों के लिए कुल 80 लो-फ्लोर एसी ई-बसों को हरी झंडी दिखाई। सीएम ने घोषणा की कि ई-बसों में स्कूल व कॉलेज के स्टूडेंट संस्थान का पास दिखाकर यात्रा कर सकेंगे। अभी यह पास हरियाणा रोडवेज की बसों में ही मान्य है। प्रदेश में छात्राओं को सरकार की ओर से फ्री पास जारी होता है, जबकि लड़कों को रियायती पास मिलता है।

**मुख्यमंत्री सैनी ने की पानीपत में घोषणा**

## वॉट्सएप-फेसबुक-इंस्टाग्राम के अब आएंगे प्लस वर्जन

**वॉशिंगटन।** सोशल मीडिया कंपनी मेटा ने इंस्टाग्राम, फेसबुक और वॉट्सएप के लिए नए सब्सक्रिप्शन प्लान पेश किए हैं। इसके तहत एप्स के 'प्लस' वर्जन रोल आउट किए जा रहे हैं। इस प्लान को लेने वाले यूजर्स को स्पेशल टूल्स और कस्टमाइजेशन के विकल्प मिलेंगे। यह कदम मेटा की विज्ञापन के अलावा कमाई का नया जरिया बनाने की रणनीति का हिस्सा है। नए प्लस प्लान कंपनी के मौजूदा 'मेटा वेरिफाइड' प्लान की जगह नहीं लेंगे। मेटा ने अभी इन नए 'प्लस' सब्सक्रिप्शन प्लान्स को वैश्विक स्तर पर रोलआउट करने की घोषणा की है, लेकिन कंपनी ने लॉन्चिंग की तारीख का ऐलान नहीं किया है।

**इसके पैसे देने होंगे, 24 घंटे के बाद भी नहीं हटेगी स्टोरी**
**पसंदीदा लोगों की अलग-अलग लिस्ट बना पाएंगे**

## सीयूईटी यूजी परीक्षा का रिवाइज्ड शेड्यूल जारी

**नई दिल्ली।** एनटीए ने सीयूईटी यूजी परीक्षा का रिवाइज्ड शेड्यूल जारी कर दिया है। बकरीद के चलते 28 मई को स्थगित हुई यह परीक्षा अब दो चरणों 31 मई और 6 व 7 जून 2026 को आयोजित की जाएगी। एनटीए ने 31 मई को होने वाले एग्जाम के लिए एडमिट कार्ड वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। छात्र आधिकारिक वेबसाइट cuet.nta.nic.in पर जाकर अपने क्रेडेंशियल्स दर्ज कर इसे तुरंत डाउनलोड कर सकते हैं।

## एशियन गेम्स के लिए 30-31 मई को होना है सेलेक्शन

# विनेश का ट्रायल रुकवाने सुप्रीम कोर्ट पहुंचा डब्ल्यूएफआई



### हरियाणा अध्यक्ष बोले-खेल नियमों से चलता है, दिल्ली हाईकोर्ट ने 22 मई को ट्रायल की दी थी मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| पंचकूला

भारतीय कुश्ती महासंघ ओलंपियन रेसलर विनेश फोगाट को ट्रायल देने से रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई होगी। यह सुनवाई जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक आराधे की बेंच करेगी। 30 व 31 मई को यह ट्रायल दिल्ली में होने हैं। इनके आधार पर सिंतबर में जापान में होने वाली एशियन गेम्स 2026 में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का चयन होना है। दिल्ली हाईकोर्ट ने 22 मई को दिए आदेश में विनेश फोगाट को 30-31 मई को होने वाले चयन ट्रायल में भाग लेने की अनुमति दी थी। इसी फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। हाईकोर्ट ने यह भी निर्देश दिया था कि ट्रायल की पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग कराई जाए। इसे पारदर्शी बनाने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा नियुक्त स्वतंत्र पर्यवेक्षकों की निगरानी में कराया जाए।

### पहलवानों के साथ ज्यादती न हो

इस मामले में कुश्ती संघ हरियाणा के अध्यक्ष रमेश बोहर ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश के पहलवानों के साथ ज्यादती न हो, इसलिए डब्ल्यूएफआई कोर्ट गई है। जो पहलवान जिला, स्टेट और नेशनल तक होते हुए मुकाबले में पहुंचा है, उसके सामने किसी को सीधे एंट्री नहीं दी जाएगी। कुश्ती फेडरेशन के अपने नियम हैं, खेल नियमों से चलता है। पहलवानों के हक के लिए डब्ल्यूएफआई सुप्रीम कोर्ट में गई है।


SANSKARAM UNIVERSITY
Established under Haryana Private Universities Act, 2006 (Haryana Act No. 3 of 2024) and Approved by UGC under section 2(f) of the UGC Act 1956
UGC Approved | AIU | PCI | VCI | BCI | NCISM
Next-Gen iOS Development Lab
B.Tech Programmes
Empowering Next-Gen AI Leaders
GET A MACBOOK ON DAY 1 — Enroll Now | B.Tech CSE Programme
1st Time in India for All Students
*Conditions apply
Shape Your Future With Secure Placement
75% Placement Achieved by MBA 1st Batch
100% Placement Assistance | Higest Package 19 LPA | Average Package 8.2 LPA
Trusted by Leading Recruiters: FARELABS, Essentia, VVDN, 5GLOBAL, TG TalentGro, Flipkart, AU Small Finance Bank, LS Power, SANOh, KaryaShala

Admission Open in 195+ Programs at UG, PG & Ph.D. Level

ENGINEERING AND TECHNOLOGY
B.Tech / M.Tech
CSE | AI & ML | ML | AI & DS | Cyber Security
Cloud Tech. & Information Security |
Gaming | Software Engg. Development
ECE | ME | CE | EE | IT
BCA | MCA

MANAGEMENT & COMMERCE
B.Com | M.Com
BBA (Hons) Business Analytics
International Accounting & Finance
Logistics and Supply Chain Management
MBA MBA General Executive

AGRICULTURE B.Sc. (Hons) | M.Sc.

HEALTH & ALLIED SCIENCE
B.Sc/M.Sc Radiography & Imaging Technology
Operation Theater Tech. | Optometry
Cardiovascular Tech. | Medical Lab Tech.
DMLT (Diploma)

HOTEL MANAGEMENT
BHM&CT | MHM&CT | BA (Culinary Arts)
Hospital Administration

BA (Hons.) MA (LIBERAL EDUCATION)
Journalism & Mass Comm. | English | Hindi
Geography | Psychology | Pol. Sci. | Yoga
Economics | Mathematics | Sociology
History | Public Health & Social Work
Physical Education & Sports

PHARMACY
B. Pharm | D Pharm

Ph.D. Available in all above Disciplines

LAW & LEGAL STUDIES
BA. LL.B (Hons.) | BBA. LL.B (Hons.)
LL.B (Hons.) | LL.M | BA Legal Studies

B.Sc. (Hons.) / M.Sc. (APPLIED SCIENCE)
Physics | Chemistry | Mathematics | Life Sci.
Botany | Zoology | Microbiology | Yoga
Forensic Sci. | Genetics | Biochemistry
Nutrition & Dietetics | Environment Sci.
Food Science & Tech. | Computer Science
Data Sci. | Cyber Security | Biotechnology

Bachelor of Physiotherapy (BPT)

NURSING (Affiliated from UHSR)
B.Sc Nursing | GNM (Khatiwas Campus)

B.Voc
Interior Design | Fashion Design | Physiotherapy
Computer Application | Beauty & Wellness
Aviation Management | Fire & Industrial Tech.
Hospital Management | Health Care
Software Development

VETERINARY (NEET Qualified)
B.V.Sc. & A.H | M.V.Sc. & A.H | VLDD | DVLT

BAMS (NEET Qualified)

Separate Hostels For Boys, Girls & International Students

Avail upto 100% Scholarship via SUST Sanskaram University Scholarship Test
Scan QR Code for Registration
upto 20cr. Scholarship
Education Loan Available For Students

ADDRESS : N.H : 352, PATAUDA, DELHI-NCR, JHAJJAR (HARYANA)
Email: info@sanksaramuniversity.ac.in | Web : www.sanskaramuniversity.ac.in
Helpline : 7056999201 | 7056999202
/SanskaramUniversity

**खबर संक्षेप**

### पंचकूला में होगा सेना के लिए हाई कैलिबर बमों का ट्रायल

**चंडीगढ़।** रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की प्रयोगशाला टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी (टीबीआरएल) की तरफ से 31 मई को पंचकूला के रामगढ़ स्थित फायरिंग रेंज में हाई कैलिबर बमों का ट्रायल किया जाएगा। ट्रायल के मद्देनजर पंचकूला जिला प्रशासन से जहां मदद मांगी गई है वहीं आसपास के करीब आधा दर्जन गांवों तथा आवासीय क्षेत्रों को सतर्क किया गया है। टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी (टीबीआरएल) की मुख्य प्रयोगशाला चंडीगढ़ में स्थित है, लेकिन इसका 5,000 एकड़ का फायरिंग रेंज 22 किलोमीटर दूर रामगढ़ (हरियाणा) में स्थित है।

### पेयजल आपूर्ति को लेकर सरकार गंभीर : चौधरी

**चंडीगढ़।** सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने बृहस्पतिवार को प्रदेश में पेयजल उपलब्धता एवं जल प्रबंधन व्यवस्था की समीक्षा को लेकर सिंचाई विभाग तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए राज्यभर में पेयजल आपूर्ति, जल भंडारण क्षमता तथा आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

### यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए सख्ती

**चंडीगढ़।** यमुना नदी में बढ़ते प्रदूषण को रोकने और नदी के पर्यावरण तंत्र को सुरक्षित करने के लिए हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) ने पूरी तैयारी कर ली है। यमुना एक्शन प्लान (वाईएपी) के तहत जिला स्तर पर निगरानी प्रणाली को बेहद मजबूत और कड़ा कर दिया गया है। एचएसपीसीबी अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह के आदेशानुसार और सदस्य सचिव श्री योगेश कुमार के कुशल क्रियान्वयन के तहत सभी संबंधित जिलों में वाईएपी की गतिविधियों को समय पर पूरा करने के लिए एसईई और सीईई रैंक के वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### वीर सावरकर का जीवन राष्ट्रवाद का प्रतीक

**चंडीगढ़।** हरियाणा उद्योग, वाणिज्य एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने आज महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर राष्ट्रवादी और विचारक विनायक दामोदर सावरकर की जयंती (वीर सावरकर जयंती) पर वीर सावरकर उद्यान रेवाड़ी में अखंड भारतवर्ष द्वार का शिलान्यास किया और कहा कि वीर सावरकर का जीवन राष्ट्रवाद, राष्ट्र सेवा और अदम्य साहस का प्रतीक है। मंत्री ने वीर सावरकर को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन मातृभूमि की स्वतंत्रता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए समर्पित रहा। उन्होंने देश की आजादी के लिए सेलुलर जेल (काला पानी) की असंख्य यातनाएं झेल कर भी कभी अंग्रेजों के सामने घुटने नहीं टेके।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह की उपस्थिति में तीनों जगह मेयरों और पार्षदों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ

# सोनीपत, अंबाला और पंचकूला में 'शहर की सरकार' को कमान

■ विकास कार्यों को रफ्तार देंगे, जनता से किए वादों को पूरा करेंगे : नायब



सोनीपत। शपथ ग्रहण समरोह के बाद मेयर राजीव जैन व पार्षदों के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

अंबाला मेयर



अंबाला अक्षिता सैनी ने मेयर पद की शपथ ली।

पंचकूला मेयर



पंचकूला में शाम लाल बंसल ने ली शपथ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत/अंबाला/पंचकूला

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के नगर निगमों में विकास कार्यों को नई रफ्तार दी जाएगी और जनता से किए गए वादों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम है।मुख्यमंत्री ने अंबाला, पंचकूला और सोनीपत में आयोजित नगर निगमों के मेयर एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोहों में शिरकत की। सोनीपत में दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल में आयोजित समारोह में नव-निर्वाचित महापौर राजीव जैन एवं पार्षदों ने शपथ ली। अंबाला नव-निर्वाचित मेयर अक्षिता सैनी व पार्षदों पंचकूला में नव-निर्वाचित मेयर शाम लाल बंसल व पार्षदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मुख्यमंत्री ने नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनता ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ खरा उतरना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और नगर निगमों की नई टीमें मिलकर शहरों के विकास को तीन गुना गति से आगे बढ़ाएंगी। बेहतर सड़कें, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, सीवरेज, बिजली और आधुनिक शहरी सुविधाओं के विस्तार पर तेजी से कार्य किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं का आभार जताया

नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जहां हर कार्यकर्ता को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने भीषण गर्मी में भी घर-घर जाकर जनता से संपर्क किया, जिसका परिणाम नगर निगम चुनावों में ऐतिहासिक जीत के रूप में सामने आया। मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को राजनीति और संगठन में लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं को नेतृत्व की मुख्यधारा में लाना भाजपा की प्राथमिकता है। उन्होंने नव-निर्वाचित मेयर और पार्षदों से जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने और विकास कार्यों को गति देने का आह्वान किया। समारोहों में मंत्रियों, विधायकों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं व गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

### लुधियाना की ज्ञान स्थल मंदिर सेवा सोसायटी ने सीएम को सम्मानित किया



### बागवानी विवि में कीट नियंत्रण व अन्य विषयों में मास्टर डिग्री और पीएचडी शुरू होगी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बागवानी क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए घोषणाओं का पिटारा खोलते हुए कहा कि पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन, पौध कीट नियंत्रण और रोगों के नए विषयों पर भी मास्टर डिग्री और पीएचडी. की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने 14 हॉर्टिकल्चर साइंस सेंटर महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय को समर्पित किए और कहा कि ये केंद्र किसानों तक नवीनतम तकनीकों व गुणवत्तायुक्त पौध सामग्री पहुंचाने और वैज्ञानिक परामर्श देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल व लेफ्टिनेंट अमित मेमोरियल फाउंडेशन की ओर से आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। यह राष्ट्रीय सम्मेलन अमृतकाल में बागवानी फसलों के लिए गुणवत्ता युक्त बीज एवं रोपण सामग्री का रणनितिक प्रतिमान विषय पर आधारित है। मुख्यमंत्री ने समारोह में बागवानी वैज्ञानिक व प्रगतिशील किसानों को शील्ड, शाल व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में बागवानी विश्वविद्यालय के उप कुलपति डा. सुरेश कुमार मल्होत्रा ने मुख्यमंत्री, विधायकगण व अन्य अतिथियों को महाराणा प्रताप की मूर्ति भेट कर सम्मानित किया।

## खराब लिंगानुपात के बाद डॉक्टरों के निलंबन पर हाईकोर्ट की रोक

**चंडीगढ़।** हरियाणा में गिरते लिंगानुपात को सुधारने के लिए चलाए जा रहे अभियान के बीच मेडिकल अधिकारियों के खिलाफ की गई सख्त प्रशासनिक कार्रवाई पर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने फिलहाल रोक लगा दी है। अदालत ने खराब प्रदर्शन और निगरानी में कथित कमी के आधार पर निलंबित किए गए डॉक्टरों को अंतरिम राहत देते हुए उनके खिलाफ आगे की विभागीय कार्रवाई पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी। जिसमें डॉ विजय परमार, डॉ. विजय कुमार तथा अन्य याचिकाकर्ताओं ने हरियाणा सरकार के 18 मई 2026 के आदेश को चुनौती दी थी। सरकार ने स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा जारी आदेश के तहत इन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था तथा हरियाणा सिविल सेवा (दंड एवं अपील) नियम, 2016 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत को बताया गया कि सरकार ने जिन आधारों पर कार्रवाई की है, वे केवल आंकड़ों और प्रदर्शन मूल्यांकन पर आधारित हैं। उनका कहना था कि लिंगानुपात सुधार से जुड़े मामलों में केवल डेटा के आधार पर किसी मेडिकल अधिकारी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। याचिका में यह भी तर्क दिया गया कि यदि इस प्रकार की कार्रवाई जारी रही तो पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत झूठे और मनगढ़ंत मामले दर्ज होने की आशंका बढ़ जाएगी। डॉक्टरों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने पूर्व निर्धारित मानसिकता के साथ मनमाने तरीके से कार्रवाई की है। मामले की अगली सुनवाई 27 अक्टूबर को होगी।



■ डॉक्टरों की याचिका पर हाईकोर्ट का आदेश

# मोटे बिजली बकायेदारों पर सख्ती संपत्ति कुर्क करने तक की तैयारी

### एक लाख से अधिक बकाया वालों को पहले नोटिस | बिल न भरने पर भूमि राजस्व अधिनियम के तहत कार्रवाई

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में बिजली निगमों ने बड़े बकायेदारों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू कर दिया है। जिन उपभोक्ताओं पर एक लाख रुपये से अधिक बिजली बिल बकाया है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। जरूरत पड़ने पर ऐसे उपभोक्ताओं की संपत्ति कुर्क करने का विकल्प भी खुला रखा गया है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अनिल विज और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के निर्देशों के बाद बिजली निगमों ने विभिन्न जिलों में डिफाल्टर उपभोक्ताओं के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। सबसे पहले बकायेदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद भी भुगतान नहीं करने वालों पर भूमि राजस्व अधिनियम के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बताया गया है कि अंबाला, करनाल, कुरुक्षेत्र, सोनीपत और पानीपत सहित कई जिलों में बकायेदारों की सूची तैयार कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज स्वयं पूरे अभियान की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उपभोक्ताओं को सुविधाएं देने में कोई कमी न रहे, लेकिन बड़े बकायेदारों से बकाया राशि वसूलने में ढिलाई नहीं बरती जाए। वहीं कानूनी मामलों और अदालतों में लंबित स्टे को लेकर भी विभाग स्तर पर मंथन चल रहा है। लीगल राय लेने के बाद ही आगे की कार्रवाई करने को कहा गया है। कुछ मामलों में बिजली निगम पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट जाने की तैयारी भी कर रहे हैं, ताकि अदालत का हवाला देकर भुगतान से बचने वाले बकायेदारों पर कानूनी शिकंजा कसा जा सके। इधर, ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बिजली शिकायतों के समाधान को लेकर भी सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने बुधवार को अचानक बिजली निगम के कॉल सेंटर का निरीक्षण किया और 1912 हेल्पलाइन को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए। विज ने कहा कि गर्मी और आंधी-तूफान के मौसम में शिकायतों का तुरंत समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा कॉल करने वाले उपभोक्ताओं को लाइन व्यस्त जैसी परेशानी न हो, इसका समाधान किया जाएगा।

■ अंबाला, करनाल, कुरुक्षेत्र, सोनीपत और पानीपत सहित कई जिलों में बकायेदारों की सूची तैयार

### पानीपत में 150 से ज्यादा उपभोक्ताओं की फाइलें तहसीलदारों को भेजी

पानीपत जिले में ही करीब सात हजार ऐसे उपभोक्ता चिन्हित किए गए हैं, जिन पर एक लाख रुपये या उससे अधिक की राशि बकाया है। यहां 150 से ज्यादा मामलों की फाइलें तैयार कर तहसीलदारों को भेजी जा चुकी हैं। बिजली निगमों की ओर से पुराने बकाये की वसूली के लिए जिलों से लगातार रिपोर्ट प्रदेश मुख्यालय भेजी जा रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि नोटिस के बावजूद भुगतान नहीं करने वालों पर सख्ती बढ़ाई जाएगी।

## गेस्ट टीचर्स को नियमित करना कांग्रेस की नीति पर मुहर : हुड्डा



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने हाई कोर्ट द्वारा सुनाए गए गेस्ट टीचर्स के नियमितीकरण वाले फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट भी कांग्रेस की नियमितीकरण वाली नीति पर मुहर लगा चुका है। अब उसी नीति के तहत गेस्ट टीचर्स के पक्का होने का रास्ता साफ हो गया है। ऐसे में सरकार को बिना देरी के कोर्ट के फैसले को लागू करना चाहिए। हुड्डा ने गेस्ट टीचर्स को बधाई देते हुए खुशी जताई कि हाई कोर्ट के फैसले ने बीजेपी सरकार के झूठ का पर्दाफाश कर दिया है। बीजेपी द्वारा बार-बार झूठ फैलाया गया कि इन टीचर्स की नियुक्ति नियमों के विरुद्ध हुई थी। जबकि कांग्रेस सरकार ने उस समय स्कूलों की जरूरतों को पूरा करने, शिक्षा के स्तर को सुधारने व सभी स्कूलों में पर्याप्त टीचर्स मुहैया करवाने के लिए यह कदम उठाया था। इसके लिए उचित प्रकिया और मानदंडों की पालना की गई थी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस सरकार द्वारा 16 जून 2014 और 18 जून 2014 को बनाई गई नियमितीकरण नीतियों को पूरी तरह उचित ठहराया था।

## तेल व गैस कीमतों में बढ़ोतरी जनता की जेब पर डाका : संपत

**चंडीगढ़।** पूर्व मंत्री एवं इनेलो के राष्ट्रीय संरक्षक प्रो. संपत सिंह ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार जनता की जेब काटने वाली सरकार बन चुकी है। पेट्रोल-डीजल और गैस सिलेंडर की कीमतों में की गई बढ़ोतरी को उन्होंने खुली लूट करार दिया। वीरवार को चंडीगढ़ स्थित इनेलो मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रो. संपत सिंह ने कहा कि पेट्रोल और डीजल में 7.50 रुपये प्रति लीटर, घरेलू गैस सिलेंडर में 110 रुपये तथा कमर्शियल सिलेंडर में 993 रुपये की बढ़ोतरी आम आदमी पर सीधा आर्थिक हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने पेट्रोलियम पदार्थों को राजनीतिक हथियार बना लिया है। इनेलो नेता ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 31 मई 2026 तक बढ़ी हुई कीमतें वापस नहीं ली गईं, तो एक जून को पूरे हरियाणा में इनेलो की ओर से जोरदार और आक्रामक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## आसान होगी वैष्णो देवी की यात्रा

### पांच शहरों से कनेक्ट होगा दिल्ली-कटरा कॉरिडोर

**चंडीगढ़।** केंद्र सरकार द्वारा हाई-स्पीड दिल्ली-कटरा कॉरिडोर को मंजूरी दिए जाने से हरियाणा, पंजाब और जम्मू-कश्मीर के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी वहीं हरियाणा के पांच शहरों में आवागमन सुगम होगा। सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 के तहत अधिसूचना जारी कर इस परियोजना को राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में शामिल कर लिया है। इसके बाद अब भूमि अधिग्रहण, रूट तय करने और अन्य विकास कार्यों की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। यह एक्सप्रेसवे दिल्ली में रानी खेड़ा गांव के पास एनएच-344एम से शुरू होगा और जसौर खेरी गांव के पास कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा। इसके बाद यह हरियाणा और पंजाब के कई शहरों से गुजरते हुए जम्मू-कश्मीर के कटरा तक पहुंचेगा। आखिर में यह कटरा के पास एनएच-144 से जुड़ेगा। केंद्र सरकार का मानना है कि एक्सप्रेसवे बनने से दिल्ली से कटरा तक यात्रा तेज और आसान होगी। इससे माल ढुलाई, व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। खासतौर पर माता वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सडक़ सुविधा मिल सकेगी। यह परियोजना उत्तर भारत के लिए एक महत्वपूर्ण आर्थिक और रणनीतिक साबित होगी।

### प्रदेश में यहां- यहां से निकलेगा मार्ग

हरियाणा में प्रस्तावित मार्ग सोनीपत के खरखौदा, गोहाना, बुटाना, कलायत और बारटा से होकर निकलेगा। वहीं पंजाब में यह गुलजारपुर, पातड़ां, भवानीगढ़, धूरी, मलेरकोटला, अहमदगढ़, मुल्लांपुर दाखा, नूरमहल, करतारपुर और गुरदासपुर बाईपास जैसे इलाकों से होकर गुजरेगा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सागर** पुत्र कर्मबीर निवासी वार्ड नंबर 2, खेड़ी सांपला, जिला रोहतक, हरियाणा ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 6429/22 धारा 379 भा.द.स, थाना जमालपुर कलां, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सागर** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **सागर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **सागर, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 6429/22 धारा 379 भा.द.स, थाना जमालपुर कलां, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.07.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री अभिनव अहलावत**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली

DP/6894/DW/2026

स्वास्थ्य विभाग के राज्यव्यापी कार्यक्रम में पांच निलंबित कांग्रेस विधायकों को बनाया विशिष्ट अतिथि

# कांग्रेस के बागी विधायकों को भाजपा की थपकी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

कांग्रेस से बगावत के बाद निलंबन झेल रहे पांच विधायकों को भाजपा सरकार की ओर से लगातार तरजीह दिए जाने से हरियाणा की सियासत गरमा गई है। स्वास्थ्य विभाग की नई योजनाओं के शुभारंभ के लिए 29 मई को आयोजित राज्यव्यापी कार्यक्रम में इन विधायकों को विशिष्ट अतिथि बनाया गया है, जिसे लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। दरअसल, हाल ही में कांग्रेस के पांच विधायकों पर राज्यसभा चुनाव और पार्टी लाइन से अलग रुख अपनाने को लेकर कार्रवाई हुई थी। अब भाजपा सरकार द्वारा जारी कार्यक्रम सूची में इन विधायकों को प्रमुखता से शामिल किए जाने को सियासी संकेत माना जा रहा है। सरकार की ओर से जारी आदेशों के अनुसार विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में केंद्रीय मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और सांसदों को मुख्य अतिथि बनाया गया है, जबकि कांग्रेस के पांच निलंबित विधायकों को विशिष्ट अतिथि के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है।

■ मुख्यमंत्री पंचकूला से करेंगे कार्यक्रम का शुभारंभ, जिलों में सांसद, मंत्री व विधायक मौजूद रहेंगे



शैली चौधरी



रेनू बाला



मोहम्मद इलियास



मोहम्मद इजराइल



जरनैल सिंह

### कांग्रेस के लिए असहज स्थिति पैदा होना तय

हथीन से विधायक मोहम्मद इसराइल को पलवल जिले के हथीन विधानसभा क्षेत्र, सढ़ौरा से विधायक रेणूबाला को यमुनानगर जिले के कार्यक्रम, रतिया से विधायक जरनैल सिंह को रतिया क्षेत्र, नारायणगढ़ से विधायक शैली चौधरी को नारायणगढ़ तथा पुन्हाना से विधायक मोहम्मद इलियास को संबंधित कार्यक्रमों में विशिष्ट अतिथि बनाया गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा सरकार ने इन विधायकों को सरकारी मंच देकर एक तीर से दो निशाने साधने की कोशिश की है। इससे एक ओर कांग्रेस के भीतर असहज स्थिति पैदा होना तय माना जा रहा है, वहीं दूसरी ओर इन विधायकों की सत्ता पक्ष से बढ़ती नजदीकियां भी खुलकर सामने आ रही हैं। राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव पंचकूला में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। वहीं केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह गुरुग्राम और केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर फरीदाबाद में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रमों की अगुवाई करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सहमति के बाद उनके ओएसडी भारत भूषण भारती की ओर से यह सूची जारी की गई है। राजनीतिक गलियारों में सरकार के इस कदम को एक बड़े संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। आमतौर पर सरकारी कार्यक्रमों के उद्घाटन और शिलान्यास में सत्तापक्ष या सहयोगी दलों के नेताओं को ही तवज्जो दी जाती है।

### 9 परियोजनाओं का होगा शुभारंभ

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार प्रदेश के हर नागरिक को बेहतर, आधुनिक और सुलभ चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए 'स्वस्थ हरियाणा - समृद्ध हरियाणा अभियान' के अंतर्गत राज्य में 9 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ होने जा रहा है। हरियाणा की स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान तथा आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने जानकारी देते हुए बताया कि इन दूरदर्शी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कल 29 मई को दोपहर दो बजे बजे पी.डब्ल्यू.डी. रेस्ट हाउस, सेक्टर-1, पंचकूला में आयोजित एक भव्य समारोह में किया जाएगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे, जो इन सभी स्वास्थ्य सेवाओं को जनता को समर्पित करेंगे।

### स्वास्थ्य ढांचा मजबूत होगा

मंत्री ने इस अभियान को प्रदेश की स्वास्थ्य अवसंरचना को आधुनिक और सशक्त बनाने की दिशा में एक बहुत बड़ा मील का पत्थर बताया है। उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 22.29 करोड़ रुपये की लागत से 30 स्वास्थ्य संस्थानों का उद्घाटन तथा 21.50 करोड़ रुपये की लागत से 16 नए स्वास्थ्य संस्थानों का शिलान्यास किया जाएगा।

**कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)**

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाईनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाईनेंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यत: एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णितसम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषत: और आमजन को सामान्यत: एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्रीमती परमजीत श्री राजेश कुमार सॉफ्टनेट (प्रोस्पैक्ट नं. IL11057166) | श्याम नगर, पटियाला चौक, जीन्द, तहसील व जिला जीन्द-126102 में स्थित खेवट नं. 834, खाता नं. 985, खसरा नं. 126 किल्ला नं. 35/1(6-0) में निहित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Area_Admeasuring. सम्पत्ति क्षेत्रफल : 540 | रु. 597307/- रुपये पांच लाख सतानवे हजार तीन सौ सात केवल | 09-03-2026 | 25-05-2026 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ-41पी, प्रथम तल, सेक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 29.05.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि करनाल सह. चीनी मिल्स लि., करनाल | गन्ना हार्वेस्टिंग, लोडिंग और परिवहन का अनुबंध + 14 कार्य (करनाल)। | 29.05.2026 10.06.2026 | रु. 3.00 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168815763 kamalsugarmill@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/45688/I/88/6 दि. 27.05.26

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन | हरियाणा सरकार

"आइए हम सभी मिलकर स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने और प्रत्येक व्यक्ति के कल्याण को प्राथमिकता देने के लिए कार्य करते रहें।"
**– नरेन्द्र मोदी**



# स्वस्थ हरियाणा | समृद्ध हरियाणा | अभियान

## हरियाणा सरकार द्वारा
## स्वास्थ्य के क्षेत्र में ₹100 करोड़ से अधिक की
## 9 महत्वपूर्ण परियोजनाओं
## का शुभारंभ

# श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा
**के कर-कमलों द्वारा**

# कुमारी आरती सिंह राव
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान तथा आयुष मंत्री, हरियाणा
**की गरिमामयी उपस्थिति में**

**दिनांक : 29 मई, 2026 | समय : दोपहर 2:00 बजे**
**स्थान : पी.डब्ल्यू.डी. रेस्ट हाऊस, सेक्टर-1, पंचकूला**

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

## परियोजनाएं

1. स्वास्थ्य अवसंरचना को आधुनिक और सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम : उद्घाटन : 30 स्वास्थ्य संस्थान – ₹22.29 करोड़
   शिलान्यास : 16 स्वास्थ्य संस्थान – ₹21.50 करोड़
2. जिला नागरिक अस्पताल, सोनीपत में "विश्राम गृह" का शिलान्यास : परियोजना लागत : ₹6.45 करोड़
3. 23 जिला अस्पतालों में "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार (SNSP) क्लीनिक (महिला क्लीनिक) का शुभारंभ :
   परियोजना लागत: ₹0.34 करोड़ प्रतिवर्ष
4. पीपीपी मॉडल के तहत सी.टी. स्कैन एवं एम.आर.आई. सेवाओं का विस्तार
   एम.आर.आई.: डी.एच., पानीपत; डीएच, कुरुक्षेत्र – ₹12.00 करोड़
   सी.टी. स्कैन: एस.डी.एच., बहादुरगढ़; डी.एच., दादरी – ₹10.00 करोड़
5. हृदय रोगों की समय पर पहचान एवं उपचार हेतु टेली-ई.सी.जी. सेवाओं की स्थापना : 600 स्वास्थ्य संस्थाएं – ₹3.00 करोड़ प्रतिवर्ष
6. स्वास्थ्य अवसंरचना सुदृढ़ीकरण के लिए कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) साझेदारी
   150 ट्रूनैट मशीन – ₹20.50 करोड़, कलर अल्ट्रासाऊन्ड मशीन, आई.सी.यू. बेड इत्यादि-₹2.63 करोड़
7. निःशुल्क डायलिसिस सुविधा
   1. महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज, कोरियावास (नारनौल)
   2. श्री अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय मेडिकल कॉलेज, छायंसा (फरीदाबाद)
   परियोजना लागत : ₹3.60 करोड़ प्रतिवर्ष
8. आमजन को ब्रांडेड दवाइयां सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने हेतु 23 जिला अस्पतालों में "अमृत फार्मेसी" का शिलान्यास
   परियोजना लागत : ₹1.73 करोड़
9. आशा कार्यकर्ताओं को आपदा प्रबंधन का विशेष प्रशिक्षण : 4600 आशा कार्यकर्ता – ₹0.91 करोड़

**स्वास्थ्य विभाग, हरियाणा | चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग, हरियाणा**

**सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा** | www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana

## खबर संक्षेप



### एनकाउंटर में हमलावर को गोली मारकर दबोचा

**पलवल।** दुकान पर बैठे एक युवक की आंखों में मिर्च डालकर हथौड़ों से हमला करने के मुख्य आरोपी हर्ष को पुलिस ने एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया है। एनकाउंटर के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए हैं। डीएसपी क्राइम अनिल कुमार ने बताया कि, 27 मई को सीआईए होडल प्रभारी जगमिंद्र सिंह अपनी टीम के साथ नेशनल हाईवे-19 पर गश्त कर रहे थे। उन्हें सूचना मिली कि शहर के दुकड़िया मोहल्ले में अमित डागर पर जानलेवा हमला करने वाला बदमाश बेढा पट्टी कट के पास घूम रहा है। आरोपी की पहचान मितरौल गांव निवासी हर्ष के रूप में हुई, जिसे दबोच लिया गया।

### सिरसा में सुरक्षा सहायक इंद्रदेव को किया सस्पेंड

**सिरसा।** डबवाली एसपी ने सुरक्षा सहायक (सिक्योरिटी एजेंट) इंद्रदेव को सस्पेंड कर दिया है। इंद्रदेव की नशे के कारोबार में संलिप्त होने की शिकायतें सामने आई थी। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इंद्रदेव को निलंबित कर दिया गया है। इंददेव का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें पैसों के लेन-देन का दावा किया जा रहा है। वीडियो में एक अन्य व्यक्ति सिविल ड्रेस में नजर आ रहा है, जिसकी भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई वीडियो वायरल होने से पहले ही शुरू कर दी थी। वायरल वीडियो 5 मई का है, जो गांव जोगीवाला स्थित एक मेडिकल स्टोर का बताया जा रहा है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### कुरुक्षेत्र आकर भी एचएसजीएमसी की बैठक में नहीं पहुंचा दादूवाल गुट

# आपसी खींचतान में फिर अटका गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी का बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने कहा कि कुछ मेंबर अपने निजी स्वार्थ के लिए संस्था के काम में बाधा डाल रहे हैं। बजट और जरूरी तथ्यों पर विचार विमर्श करने के लिए वीरवार को बुलाई गई बैठक में नामजद मेंबर बलजीत सिंह दादूवाल और उनके साथियों द्वारा शामिल न होने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए जगदीश सिंह झीडा ने यह विचार संस्था के मुख्य कार्यालय में व्यक्त किए।

इस दौरान उनके साथ बैठक में शामिल होने कुरुक्षेत्र पहुंचे संयुक्त सचिव बलविंदर सिंह भिंडर, कार्यकारिणी समिति मेंबर जत्थेदार करनैल सिंह निम्नाबाद, पलविन्द्र सिंह, कुलदीप सिंह मुल्तानी, रुपिंदर सिंह, मेंबर इंद्रजीत सिंह, मेजर सिंह, गुरमेज सिंह, बिन्दर सिंह खालसा, मोहनजीत सिंह पानीपत, प्रकाश सिंह साहुवाल, गुरनाम सिंह डबरी, कर्मजीत सिंह, जोगा सिंह, रविंदर सिंह, सुखदेव सिंह, रजिंदर सिंह राणा, इकबाल सिंह, कुलदीप सिंह और सुखजिंदर सिंह मसाना समेत 28 सदस्य मौजूद रहे।

जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने कहा कि बजट को लेकर 49 मेंबर साहिबान की मीटिंग बुलाई गई थी और सहयोग की अपील की गई थी। लेकिन कुछ मेंबर मीटिंग से गैर हाजिर रहे। मीटिंग से गैर हाजिर रहने वाले ये वो मेंबर है जिन्हें संगत ने नकार दिया था और सरकार का तरला करके यह मेंबर नामजद हो गए। ये मेंबर संस्था को बर्बाद करने पर तुले हैं। मीरी पीरी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को लेकर यह लोग झूठी बातें फैला रहे हैं। इन सबको संगत को गुमराह करने से बाज आना चाहिए। जो मेंबर इनके साथ मिलकर कमेटी को बर्बाद करने में लगे हुए हैं, उनका भी संगत के प्रति उत्तरदायित्व बनता है।



कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते जगदीश सिंह झींडा।

### झींडा के 10 रुपये न होने वाले बयान के बाद दादूवाल ने एचएसजीएमसी को सौंपा 10 लाख रुपये का चेक

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के अंदर चल रही खींचतान फिर खुलकर सामने आई। कुरुक्षेत्र में एचएसजीएमसी के पूर्व प्रधान बलजीत सिंह दादूवाल ने कमेटी को 10 लाख रुपये का चेक सौंपते हुए मौजूदा प्रधान जगदीश सिंह झींडा पर कई गंभीर आरोप लगाए। बता दें कि कुछ दिन पहले एचएसजीएमसी के प्रधान जगदीश सिंह झींडा ने कमेटी के पास गुरु घर के लंगर के लिए सब्जी खरीदने तक के 10 रुपये नहीं होने का बयान दिया था। इसी बयान के बाद पूर्व प्रधान बलजीत सिंह दादूवाल ने 10 लाख रुपये का चेक एचएसजीएमसी के चीफ अकाउंट ऑफिसर गुरविंदर सिंह को सौंपा। मीडिया से बातचीत करते हुए दादूवाल ने कहा कि मीरी-पीरी संस्थान को लेकर प्रधान झींडा को डक्के का भी पता नहीं है। झींडा सिर्फ एसजीपीसी और सुखबीर सिंह बादल की बोली बोलते हैं। संस्थान के मामले की कोर्ट में सुनवाई के दौरान झींडा कभी हाईकोर्ट चंडीगढ़ नहीं गए। न ही झींडा ने कभी 10 रुपये खर्च किए।

### मीरी पीरी का बन सकता है अलग बोर्ड

मीरी पीरी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को चलाने के लिए बोर्ड बनाने के सवाल पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने कहा कि इसके लिए कार्यकारिणी समिति ही अगली कार्रवाई कर सकती है। कार्यकारिणी समिति पहले बने बोर्ड को भंग कर दोबारा बोर्ड बना सकती है। एक सवाल के जवाब में प्रधान जत्थेदार जगदीश झींडा ने कहा कि बलजीत सिंह दादूवाल मीरी पीरी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की एक भी पेशी तारीख पर नहीं गया।

### क्लर्क पर छात्रा ने लगाए अश्लील हरकत व ब्लैकमेलिंग के आरोप

**जींद।** सीआरएसयू में क्लर्क द्वारा पीएचडी स्कॉलर के साथ अश्लील हरकत करने, ब्लैकमेल कर एक लाख रुपये ऐंठने तथा मारपीट करने का मामला सामने आया है। सदर थाना पुलिस ने स्कॉलर की शिकायत पर आरोपित क्लर्क के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

**सीआरएसयू जींद की पीएचडी स्कॉलर ने एक लाख ऐंठने का भी लगाया आरोप**

पीएचडी स्कॉलर छात्रा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सीआरएसयू में अध्ययनरत है। तीन सितंबर 2024 को उसी डिपार्टमेंट के क्लर्क जोगेंद्र बिसला ने उसके साथ अश्लील हरकत की। जिसके बाद आरोपित ने उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। जब उसने विरोध किया तो आरोपित ने कॅरियर खत्म करने की धमकी दी। बदनामी के भय से वह भी चुप रही। गत छह जनवरी को आरोपित ने उसे अपने कमरे में बुलाया और ब्लैकमेल करते हुए एक लाख रुपये ऐंठ लिए। जब उसने आरोपित की हरकत का विरोध किया तो आरोपित ने उसके साथ मारपीट की। जिसकी शिकायत विश्वविद्यालय प्रबंधन से की गई। आरोपित क्लर्क का डिपार्टमेंट बदल कर मैथ में कर दिया गया। बावजूद इसके आरोपित ने उसे परेशान करना जारी रखा। पुलिस ने आरोपित क्लर्क जोगेंद्र बिसला के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**जमीन बेचकर विदेश गए युवा की दर्दनाक कहानी**

# अमेरिका में ट्रक खाई में गिरा करनाल के युवक की मौत

■ अब अमेरिका से शव भारत लाने के लिए परिवार ने लगाई मदद की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

बेहतर भविष्य और परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के सपने लेकर अमेरिका गए करनाल के युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिजन अब युवक का शव भारत लाने के लिए सरकार और समाज से मदद की अपील कर रहे हैं।



गौरव कुमार।

मृतक की पहचान करनाल के गांव बाल रांगड़ान निवासी 24 वर्षीय गौरव कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि गौरव करीब दो वर्ष पहले 50 लाख रुपये खर्च कर अमेरिका गया था। विदेश भेजने के लिए परिवार ने जमीन तक बेच दी थी और लाखों रुपये का कर्ज भी लिया था। परिवार को उम्मीद थी कि गौरव के विदेश में काम करने से घर की आर्थिक हालत सुधर जाएगी, लेकिन अचानक हुए हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। परिजनों के अनुसार गौरव शुरुआत में अमेरिका में ट्रक चलाने का काम करता था। बाद में उसने एक स्टोर पर नौकरी शुरू कर दी, लेकिन आय कम होने के कारण उसने दोबारा ट्रक ड्राइविंग शुरू कर दी थी। जानकारी के मुताबिक 26 मई को गौरव ट्रक लेकर निकला था। रास्ते में वह एक रेस्टोरेंट पर चाय पीने के लिए रुका और वहीं से उसने घर फोन किया। उसने परिवार को बताया कि वह ट्रक चला रहा है और कुछ देर बाद दोबारा बात करेगा। यह कॉल ही परिवार के साथ उसकी आखिरी बातचीत साबित हुई। परिवार ने बताया कि अगले दिन अमेरिका पुलिस की ओर से फोन आया, जिसमें गौरव के सड़क हादसे में मौत होने की सूचना दी गई। बताया गया कि रेस्टोरेंट से निकलने के कुछ समय बाद ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरा। हादसा इतना भीषण था कि गौरव की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, परिजन अब गौरव का शव भारत लाने के लिए प्रशासन और सरकार से सहयोग की मांग कर रहे हैं। परिवार का कहना है कि आर्थिक स्थिति पहले ही कमजोर है और विदेश से शव लाने में काफी खर्च आएगा। ऐसे में सरकार और समाज के सहयोग की उन्हें जरूरत है।

### ईद की नमाज के बाद दो गांवों में गुट भिड़े, एक दर्जन लोग घायल

**नूंह।** नूंह जिले में बकरीद की नमाज के बाद दो गांवों में अलग-अलग पक्षों में बवाल हो गया। इन दोनों घटनाओं में एक दर्जन लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**निजामपुर में चुनावी रंजिश से जोड़ा जा रहा विवाद**

जानकारी के अनुसार, निजामपुर गांव में चुनाव की पुरानी रंजिश को लेकर ईद की नमाज के बाद दो गुटों के बीच झड़प हो गई। इसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए। गांव के जमील सरपंच गुट और रमजी गुट के सदस्य ईदगाह से नमाज अदा कर लौट रहे थे। इसी दौरान दोनों पक्षों में झगड़े के साथ पथराव शुरू हो गया। दोनों में लाठी-डंडे और फरसे भी चले। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद स्थिति को शांत कराया। फिलहाल किसी पक्ष ने शिकायत दर्ज नहीं करवाई है।

इसके अलावा सिंगार गांव में भी पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चले। इस घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। डॉक्टरों के अनुसार, घायलों में एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे नल्हड़ रेफर कर दिया गया है। घायलों में अफजूल, शहीद, नाजिम, शब्बो, नफीसा सहित अन्य लोग शामिल हैं।

### दो पुलिसकर्मी 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**पानीपत।** पुलिस विभाग में एक सप्ताह के भीतर दूसरी बड़ी कार्रवाई हुई है। तहसील कैंप थाने में गुरुवार रात को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने दो पुलिसकर्मियों को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एएसआई और एचसी केस खत्म करने की एवज में 15 हजार रुपये ले रहे थे। एक व्यक्ति ने एंटी करप्शन ब्यूरो को लिखित शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके एक मामले को खत्म करने और राहत देने के नाम पर तहसील कैंप थाने में तैनात एएसआई संजय और एचसी उस पर लगातार पैसों का दबाव बना रहे थे। दोनों पुलिसकर्मियों ने इस काम के बदले 15 हजार की रिश्वत की मांग की थी। जैसे ही शिकायतकर्ता ने गुरुवार रात को तहसील कैंप थाने में मौजूद दोनों पुलिसकर्मियों को केमिकल लगे हुए 15 हजार रुपये के नोट थमाए, वैसे ही एसीबी ने छापा मारकर दबोच लिया।

### विदेशी तस्कर को 1 किलो 85 ग्राम चरस के साथ पकड़ा

**हरिभूमि न्यूज/कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने एक विदेशी नशा तस्कर को 1 किलो 85 ग्राम चरस (सुल्फा) सहित काबू किया है। डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में एएसआई संदीप कुमार की टीम ने मोहना पुल के नीचे से वियना, ऑस्ट्रिया हाल चुहाडी जिला वलिपुरम तमिलनाडु निवासी मनुचेर रशीदी को दबोच लिया। उसके पास से 1 किलो 85 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी ने खुलासा हुआ कि वह 2009 से भारत में आया हुआ है, वह तमिलनाडु में एक कम्पनी में प्राइवेट जॉब करता है तथा तमिलनाडु में अपने परिवार सहित रहता है। आरोपी हिमाचल प्रदेश अपने दोस्तों के साथ आया हुआ था तथा हिमाचल से यह नशीला पदार्थ खरीदकर लाया है। उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया है।



गुरुग्राम में कचरा निस्तारण को लेकर अधिकारियों को निर्देश देते केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल।

# देश के 50 शहरों को बनाना है स्वच्छ व सुंदर : मनोहर लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में गुरुग्राम व फरीदाबाद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा की है। सरकार का लक्ष्य देश के 50 शहरों को चयनित कर उन्हें स्वच्छ, सुंदर और बेहतर शहरों के रूप में विकसित करना है। उन्होंने गुरुग्राम पहुंचकर बंधवाड़ी स्थित कचरा निस्तारण प्लांट का दौरा भी किया। इस दौरान उन्होंने प्लांट में चल रहे कचरा निस्तारण कार्य का निरीक्षण किया तथा कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि बंधवाड़ी प्लांट में प्रतिदिन होने वाले कचरा निस्तारण कार्य की रिपोर्ट हर 24 घंटे में उनके पास भेजना सुनिश्चित किया जाए ताकि कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जा सके। बंधवाड़ी प्लांट में वर्तमान में दो एजेंसियां कचरा निस्तारण का कार्य कर रही हैं। केंद्रीय मंत्री ने साइट को जल्द से जल्द साफ करने के उद्देश्य से एजेंसियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

### गैंगस्टर वेंकट गर्ग को जॉर्जिया से लेकर आएंगी सुरक्षा एजेंसियां

**अंबाला।** बसपा नेता हरबिलास हत्याकांड में आरोपी दो लाख के इनामी बदमाश वेंकट गर्ग को सुरक्षा एजेंसी जल्द जॉर्जिया से ला सकेंगी। एसपी के अनुसार, जॉर्जिया की कोर्ट में वेंकट से जुड़े मामले की सुनवाई लगभग पूरी हो गई है। अब प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके बाद दिल्ली लाकर वेंकट गर्ग को अंबाला पुलिस को सुपुर्द किया जाएगा। वर्ष 2025 में हरबिलास की हत्या हुई थी। इसके बाद से ही वेंकट गर्ग गायब था। जिसे खोजने में सुरक्षा एजेंसियां लगी हुईं थी।

**बसपा नेता हरबिलास की हत्या में है वांछित**

कुछ समय पहले वेंकट के जॉर्जिया में होने की सूचना एजेंसियों को मिली थी और उसे वहां की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। एसपी अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि जॉर्जिया के साथ हमारे देश की अपराध और अपराधियों के संबंध में कोई संधि नहीं थी। इसके बाद प्रदेश सरकार ने विदेश मंत्रालय के माध्यम से जॉर्जिया के साथ विशेष संधि की। संधि होने के बाद ही जॉर्जिया की पुलिस ने वेंकट को खोजने और पकड़ने में तेजी दिखाई। अब कुछ ही समय में वेंकट संबंधी कोर्ट की कार्यवाही लगभग पूरी होने वाली है। वेंकट पर अंबाला, यमुनानगर सहित अन्य शहरों में 10 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। हत्या, रंगदारी, आर्म्स एक्ट सहित अन्य केस हैं।

## राशिफल

**मेष** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** — कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बिन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** — आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** — वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**धर्म** | कंवर महाराज का विदेश में एक महीने का सत्संग शुरू

# दुख आने पर ही जीवन की सच्चाई पता चलती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

राधा स्वामी दिनोद के परम संत कंवर महाराज ने कहा कि जिस इंसान ने जीवन में कभी दुख नहीं देखा, वह न तो परमात्मा की महत्ता को समझ सकता है और न ही जीवन की सच्चाई को। जब किसी के जीवन में दुखद घटना होती है, तभी उसे दर्द का असली एहसास होता है। इंसान तभी दूसरे के दुख को समझ पाता है जब वह खुद उस पीड़ा से गुजरता है। कंवर महाराज कनाडा में संगत को सत्संग फरमा रहे थे। हजूर महाराज वर्तमान में एक माह की पश्चिमी विदेश यात्रा पर हैं, जिसके अंतर्गत वे कनाडा, अमेरिका एवं इंग्लैंड की संगत को सत्संग तथा पावन दर्शन लाभ प्रदान करेंगे। पहले उन्होंने कनाडा में संगत को निहाल किया।



संत कंवर महाराज।

कंवर महाराज ने कहा कि परमात्मा दिखाई नहीं देता, लेकिन कठिन समय में मिलने वाली सहायता के माध्यम से उसकी मौजूदगी महसूस होती है। हम कहते हैं कि परमात्मा हर जगह है, पर उसका अनुभव तब होता है जब कोई व्यक्ति अचानक हमारी मदद के लिए आगे आता है। जो व्यक्ति सहायता का माध्यम बनता है, वह भी परमात्मा की दया का ही रूप होता है। कंवर महाराज ने कहा कि जो मनुष्य परमात्मा को पहचान लेता है, उसके मन से भय और चिंता कम होने लगती है। संसार में जो कुछ होता है, वह कर्मों के अनुसार होता है। जन्म, मृत्यु, लाभ, हानि, मान और अपमान मनुष्य के हाथ में नहीं है। हर कर्म अपने आप दर्ज होता रहता है। जैसे आज मशीनें हर चीज रिकॉर्ड कर लेती हैं, उसी तरह मनुष्य के हर कर्म का हिसाब भी अपने आप परमात्मा के रजिस्टर में लिखा जाता है। इसीलिए संत महापुरुष अच्छे कर्म करने की शिक्षा देते हैं। दयालु इंसान दूसरों का दुख महसूस करता है, जबकि कठोर हृदय वाला व्यक्ति दूसरों की पीड़ा से प्रभावित नहीं होता। मनुष्य अक्सर दुख में परमात्मा को याद करता है और सुख में उसे भूल जाता है। लेकिन यदि सच्चा विश्वास हो तो मन में अधिक डर, शंका और शिकायत नहीं रहती।

# पूर्व विधायक सहीराम को मरणोपरांत आज मिलेगा बिश्नोई रत्न सम्मान


हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा ने समाज के वरिष्ठ नेता, हिंदी आंदोलन के सेनानी एवं संयुक्त पंजाब के पूर्व विधायक स्वर्गीय चौधरी सहीराम बिश्नोई को मरणोपरांत समाज के सर्वोच्च सम्मान बिश्नोई रत्न से सम्मानित से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान 29 मई को सकताखेड़ा में आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान उनके परिवार को प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान चौ. भजनलाल, कुलदीप बिश्नोई समेत बेहद कम लोगों को ही मिला है। बता दें कि 22 मई को 104 वर्ष की उम्र में उनका निधन हुआ था। गौरतलब है कि चौधरी सहीराम बिश्नोई संयुक्त पंजाब विधानसभा में 1957 से 1962 तक अबोहर का प्रतिनिधित्व कर चुके थे। वे 1958 में हिंदी आंदोलन के सक्रिय सेनानी रहे और सामाजिक जागरूकता, विस्थापितों और किसानों के हकों तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर लगातार कार्य करते रहे। बता दें, 29 मई को उनके निमित श्रद्धांजलि सभा में प्रदेशभर से समाज के गणमान्य लोगों के पहुंचने की संभावना है।



104 वर्ष की उम्र में 22 मई को हुआ था निधन हिंदी आंदोलन के सेनानी और समाजसेवी के रूप में भी है बड़ी पहचान

## शब्द पहेली - 6240



**बाएँ से दाए**


1. ईष्ट कृपा, वर-4
3. मान का विलोम-4
8. शैतानी करना-4,3
10. झगड़ा, बैर-3
11. जंगल, वन-3
13. सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15. जलने के बाद बचे अवशेष-2
17. कार्य-2
18. पतवार-2
19. नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21. नमस्कार-3
25. बूंद-3
26. जिज्ञासा, लगन-3
27. आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30. मां के माता-पिता-2,2
31. रपटना-4

**ऊपर से नीचे**

2. वलय, घेरा-3
4. तीन घंटे का समय-3
5. खिसकना-4
6. उन्मादी, मदमस्त-4
7. यज्ञ, होम-3
8. नगर-3
9. तिरस्कृत-3
12. रूप अभिमान-3
13. शांति-3
14. प्रतिज्ञा-3
16. सहभोज-3
20. मोजा, पायताबा-3
22. उदारता-4
23. परवरिश करना-3
24. वचन तोड़ना-4
25. लेखनी-3
28. लिखावट-3
29. अमीर, धनवान-3

**शब्द पहेली- 6239 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मा | न | त | | अ | | बी | र | ब | ल |
| | ला | | वा | | म | हि | मा | | ल | व |
| म | | | य | की | न | | र | | | कु |
| त | क | ली | फ | | चै | त्र | | क | ल | श |
| वा | | ड | | रा | न | | गै | | ह | |
| ला | प | र | वा | ह | | का | र | गु | जा | री |
| | र | | दा | | अ | स्त | | मा | | मा |
| प्र | ख | र | | पा | प | | म | न | च | ला |
| जा | | | शा | | ह | न | न | | | गू |
| प | र | | पि | ह | र | | ह | | शा | |
| ति | जा | र | त | | ण | | र | ह | म | त |



# 17 हाइवे से 30000 करोड़ कमाने का लक्ष्य

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने हाइवे के मौद्रीकरण से चालू वित्तवर्ष में 30 हजार करोड़ रुपये कमाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए 17 हाइवे को गिरवी रखने की तैयारी है। एनएचएआई ने 2030 तक मौद्रीकरण योजना के जरिये 4.42 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने कहा है कि उसने वित्तवर्ष 2026-27 में टोल-संचालन-हस्तांतरण (टीओटी) और इन्फ्रा निवेश ट्रस्ट (इनविट) मॉडल के तहत मौद्रीकरण (बाजार पर चढ़ाने) के लिए 1,692.5 किलोमीटर लंबाई वाली 17 राष्ट्रीय राजमार्ग परिसंपत्तियों की पहचान की है।

इन हाईवे से अथॉरिटी को हजारों करोड़ की कमाई होगी। प्राधिकरण के मुताबिक, ये राजमार्ग आर्थिक और लॉजिस्टिक गलियारों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनमें स्थापित यातायात क्षमता और मजबूत संपर्क सुविधा है। यह मौद्रीकरण प्रक्रिया टीओटी और इनविट मॉडल के तहत पारदर्शी और संरचित तरीके से की जाएगी। ये दोनों मॉडल दीर्घकालिक संस्थागत निवेश आकर्षित करने और राष्ट्रीय राजमार्ग इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार में सफल रहे हैं।



**राजमार्ग नौ राज्यों में फैले :** एनएचएआई ने बताया कि ये राजमार्ग खंड हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र सहित नौ राज्यों में फैले हुए हैं।

### 20 से 30 साल तक रखे जाएंगे गिरवी

एनएचएआई इन राजमार्गों को प्राइवेट निवेशकों के हाथों में गिरवी रखने की तैयारी में है। इन सड़कों को 20 से 30 साल के लिए प्राइवेट निवेशकों को दिया जाएगा, जिन्हें इस सड़क पर टोल वसूलने का अधिकार मिलेगा। हालांकि, इस प्रक्रिया में राजमार्गों का अधिकार एनएचएआई के पास ही रहेगा, निवेशकों को बस इस पर टोल वसूलने का अधिकार दिया जाएगा। मोनेटाइजेशन की यह प्रक्रिया चालू वित्तवर्ष में ही पूरा किए जाने का लक्ष्य है।

### यूपी की सबसे लंबी सड़क शामिल

*एनएचएआई ने कहा है कि सूची में वे राजमार्ग परिसंपत्तियां शामिल नहीं हैं जिन्हें 2026-27 के लिए राजमार्ग इन्फ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आरआईआईटी) के जरिये मौद्रीकरण के लिए प्रस्तावित किया गया है। इसके लिए चिह्नित राजमार्ग खंडों में एनएच-20 का हजारीबाग-बरही-कोडरमा (68.8 किमी), हरियाणा में एनएच-9 का दिल्ली/हरियाणा सीमा से रोहतक खंड (52 किमी), एनएच-38 का त्रिची-थुवारंकुरिची-मदुरै खंड (124.8 किमी) और एनएच-34 का अलीगढ़-कानपुर खंड (283.8 किमी) शामिल हैं।*

### सड़क मार्ग से ही 4.42 लाख करोड़ वसूलने की तैयारी

एनएचएआई को इस मौद्रीकरण प्रक्रिया से 30 हजार करोड़ रुपये की कमाई का अनुमान है. इससे पहले तीन वित्तवर्ष 2023-24 से 2025-26 तक एनएचएआई ने हाइवे मोनेटाइजेशन से 85,749 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सरकार ने 2026 से 2030 तक नेशनल मोनेटाइजेशन पाइपलाइन स्कीम के जरिये 16.72 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है, जिसमें सड़क मार्ग से ही 4.42 लाख करोड़ रुपये वसूलने की तैयारी है। इसके पहले चरण में एनएचएआई ने 1.60 लाख करोड़ रुपये कमाए थे, जो 2022 से 2025 तक चला था।

# अमृतसर में आप नेता पर चलाई गोली, हालत गंभीर

**कुछ महीने पहले कार पार्किंग को लेकर पड़ोसी से हुआ था**

भाषा ▸▸ अमृतसर

पंजाब में बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के एक नेता को अज्ञात लोगों ने कथित रूप से गोली मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

एक अधिकारी ने बताया कि वार्ड नंबर 42 के पार्टी प्रभारी जयपाल सिंह बाऊ पर कुछ महीने पहले कार पार्किंग को लेकर पड़ोसी से हुए विवाद के वजह से कथित तौर पर हमला किया गया। अधिकारी ने बताया कि बाऊ पर जान से मारने की नीयत से दो गोलियां चलाई गईं। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल बाऊ को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी आपात सर्जरी की गई। बाऊ को आम आदमी पार्टी के अमृतसर दक्षिण से विधायक इंदरबीर सिंह निज्जर का करीबी माना जाता है।

### फायरिंग-तलवारबाजी हुई

बाऊ और रिटायर्ड पुलिस अधिकारी के परिवार के बीच फायरिंग-तलवारबाजी हुई। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें सरेआम गोलियां चलती और पगड़ी उछलती दिख रही है। गोली लगने से घायल 'आप' नेता और दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



# गुजरात में 7 दिन के नवजात को जलाकर फेंका, हड़कंप

- नवजात को किसी केमिकल से जलाया गया

**सूरत।** गुजरात के सूरत शहर में 6 से 7 दिन के नवजात को किसी अज्ञात व्यक्ति ने जली हुई हालत में फेंक दिया। गुरुवार सुबह उधना क्षेत्र के भीमनगर गरनाला में कुछ लोगों ने नवजात का शव देखा और पुलिस को सूचना दी। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि नवजात को किसी केमिकल से जलाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। सूरत में सात दिनों के भीतर नवजात फेंकने की यह तीसरी घटना है। इससे पहले 21 मई को पांडेसरा इलाके में एक नवजात बच्ची जीवित मिली थी, जो अब स्वस्थ है। जबकि 24 मई को कतारगाम इलाके में झाड़ियों से एक नवजात बच्ची का शव बरामद हुआ था। इन दोनों मामलों में भी अब तक आरोपियों का पता नहीं चल सका है। उधना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, नवजात का पूरा शरीर जला हुआ था। प्राथमिक मेडिकल जांच में पता चला है कि नवजात को किसी केमिकल से जलाया गया है। शव पोस्टमॉर्टम के लिए सूरत की स्मीमेर अस्पताल भेजा गया है।

## खबर संक्षेप

### 'मिया मुसलमानों' संबंधी टिप्पणी पर सरमा को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 'मिया मुसलमानों' संबंधी टिप्पणी को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को नोटिस जारी किया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सोनू अग्निहोत्री ने कार्यकर्ता हर्ष मंदर द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए शर्मा को नोटिस जारी किया। यह याचिका मजिस्ट्रेट अदालत के 20 अप्रैल के उस आदेश के खिलाफ दायर की गई थी, जिसमें भाजपा नेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश देने से इनकार कर दिया गया था। मंदर ने आवेदन में यह भी दावा किया कि असम के मुख्यमंत्री ने कथित तौर पर यह कहकर 'मियां' समुदाय के खिलाफ लोगों को भड़काया।



### भोजशाला पर सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देते हुए एक नई याचिका दायर की गई है, जिसमें कहा गया है कि धार जिले का विवादित भोजशाला परिसर देवी सरस्वती का मंदिर है। जेब्रान अंसारी नामक एक व्यक्ति ने उच्च न्यायालय के 15 मई के आदेश को चुनौती दी है। इससे पहले, मस्जिद के कार्यवाहक काजी मोइनुद्दीन ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी।



### मथुरा में नमाज के बाद हिंसक झड़प, एक की मौत

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में ईद की नमाज के बाद बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने वयस्कों के दो समूहों के बीच हिंसक झड़प का रूप ले लिया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना कोसीकलां थाना क्षेत्र के नगला मेव गांव में हुई। थाना प्रभारी कमलेश सिंह ने बताया कि आशु और नवाब नामक दो व्यक्तियों के बच्चे मस्जिद में नमाज अता करने के बाद घर लौट रहे थे, तभी किसी बात को लेकर उनकी इदरिस के बच्चों से कहासुनी हो गई। उन्होंने बताया कि घर पहुंचने पर बच्चों ने कथित मारपीट की जानकारी अपने परिजनों को दी।


**नीट पेपर लीक के मामले पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर हुई उच्च-स्तरीय बैठक में मामले पर किया गया विचार-विमर्श**

- सीबीएसई मुख्यालय में हुई बैठक के बाद बोले प्रधान, परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वाला कोई दोषी बचेगा नहीं, होगी कड़ी कार्रवाई

# राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली परीक्षाओं को लेकर लॉजिस्टिक सहयोग देंगी सेनाएं!

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

नीट-यूजी पेपर लीक विवाद के मामले पर गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर एक उच्च-स्तरीय बैठक हुई। जिसमें यह तय किया गया है कि अब इस महत्वपूर्ण परीक्षा को लेकर एक प्रकार से पूरी कमान प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के हाथ में रहेगी। वह पेपर सेटिंग के बाद प्रिंटिंग, ट्रांसपोर्टेशन से लेकर छात्रों के हाथ में अंतिम रूप से पेपर पहुंचने तक की समूची प्रक्रिया पर कड़ी निगरानी बनाए रखेंगे। साथ ही बैठक में अलग-अलग समय पर देशभर में आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में जरूरत पड़ने पर सशस्त्र सेनाओं से लॉजिस्टिक सहयोग लेने के मुद्दे पर भी विचार-विमर्श किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मामले पर लगातार कड़ी निगरानी बनाए हुए हैं। जिसमें संबंधित अधिकारी हर छोटी-बड़ी अपडेट उन तक पहुंचा रहे हैं।



**अब तक 10 से ज्यादा गिरफ्तार एनटीए के डायरेक्टर को किया तलब**

### 40 मिनट तक चली बैठक

सूत्रों ने बताया कि राजनाथ सिंह के आवास पर हुई बैठक कुल करीब 40 मिनट तक चली। जिसमें रक्षा मंत्री के अलावा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के महानिदेशक अभिषेक सिंह, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय में उच्च-शिक्षा विभाग के सचिव विनीत जोशी और प्रधानमंत्री कार्यालय के कुछ वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

### 21 जून को फिर से होगी परीक्षा

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने यह ऐलान किया था कि अगले महीने 21 जून को फिर से नीट-यूजी की परीक्षा होगी। जिसका आयोजन देश में मौजूद 550 शहरों में 5 हजार 400 से अधिक केंद्रों पर किया जाएगा।

### फीस रिफंड पाने की तारीख 22 जून की

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने फीस रिफंड पाने के लिए बैंक अकाउंट की जानकारी जमा करने की आखिरी तारीख को आगे बढ़ा दिया है। स्टूडेंट्स 22 जून की रात 11:50 बजे तक बैंक डिटेल्स दे सकते हैं। पोर्टल पर लॉग-इन क्रेडेंशियल का इस्तेमाल करना होगा।

### सीबीएसई मामले की जिम्मेदारी लेता हूं: मानता हूं गड़बड़ियां हुईं: प्रधान

वहीं, इन सबके बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के मुख्यालय में 12 वीं कक्षा के मूल्यांकन और परीक्षा के बाद की प्रक्रिया की समीक्षा करने के लिए भी एक बैठक हुई। सीबीएसई मुख्यालय में हुई बैठक में धर्मेंद्र प्रधान के अलावा केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय में शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार, सीबीएसई अध्यक्ष राहुल सिंह, आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो.वी.कामकोटी, आईआईटी कानपुर के निदेशक, मंत्रालय, केंद्रीय विद्यालय संगठन और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों जैसे एसबीआई, इंडियन बैंक, केनरा बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रधान ने ली पूरी जिम्मेदारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने सीबीएसई मुख्यालय में हुई बैठक में 12 वीं परीक्षा को लेकर सामने आ रहे तमाम तरह के विवाद को लेकर कहा कि मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। उन्होंने छात्रों और अभिभावकों को आश्वासन देते हुए कहा कि किसी भी तरह की गड़बड़ी सामने आने के बाद दोषी चाहे कोई भी हो।

**बोले-पुनर्मूल्यांकन में हर विद्यार्थी को मिलेगा 'इंसाफ'**



### 18.5 लाख छात्रों के भविष्य के साथ हो रहा है खिलवाड़: राहुल गांधी

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधानपर सीबीएसई के ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) विवाद को लेकर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार ने 18.5 लाख छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है और इस पूरे मामले में जवाबदेही से बचने की कोशिश की जा रही है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि उन पर व्यक्तिगत हमला करने से शिक्षा मंत्री अपने "अपराधों" से मुक्त नहीं हो सकते।



**ट्विशा डेथ केस**

# सीबीआई ने सास गिरिबाला सिंह को किया गिरफ्तार



- एक दिन पहले ही हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत खारिज की थी
- आज समर्थ और गिरिबाला को एक साथ किया जाएगा पेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

ट्विशा डेथ केस में सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह को भोपाल पुलिस ने गुरुवार को 7 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई के अधिकारी गुरुवार सुबह साढ़े 10 बजे गिरिबाला के कटारा हिल्स स्थित घर पहुंचे थे। शाम 5 बजकर 10 मिनट पर उन्हें गिरफ्तार किया गया। इससे पहले बुधवार को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने गिरिबाला की अग्रिम जमानत रद्द कर दी थी। हाईकोर्ट ने देर रात 17 पन्नों का आदेश जारी किया। इसमें कहा- मामले की गंभीरता, सबूत और जांच की स्थिति को देखते हुए आरोपी पक्ष को राहत देना उचित नहीं था। गुरुवार सुबह नई दिल्ली से सीबीआई की आधा दर्जन महिला पुलिसकर्मियों-अधिकारियों के भोपाल पहुंचने के बाद गिरफ्तारी की पटकथा लिखी गई। तकरीबन शाम 6 बजे सीबीआई की टीम गिरिबाला सिंह का मेडिकल कराने भोपाल एम्स ले जाने के लिए घर से निकली।

### हाई इंटेंसिटी कैमरे से रिकॉर्डिंग की

जांच के दौरान सीबीआई ने गिरिबाला सिंह के घर में हाई इंटेंसिटी 3डी कैमरा लगाकर पूरे परिसर की 360 डिग्री रिकॉर्डिंग की। आसपास की लोकेशन भी स्कैन की गई, ताकि यह पता लगाया जा सके कि घटनास्थल किसी पड़ोसी मकान की छत या बालकनी से दिखाई देता है या नहीं।

# रिकॉर्ड मुनाफे के बावजूद मुकेश अंबानी ने लगातार छठे साल नहीं ली सैलरी

**नई दिल्ली।** एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी ने लगातार छठे वर्ष अपनी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) से कोई वेतन नहीं लिया है। उनके लिए लाभांश ही कमाई का मुख्य जरिया बना हुआ है। कंपनी की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 69 वर्षीय अंबानी ने वित्त वर्ष 2025-26 में वेतन, भत्ते, सुविधाओं और सेवानिवृत्ति लाभ के रूप में कोई राशि नहीं ली।



### सरकारी खजाने में 2.16 लाख करोड़ का योगदान

**मुम्बई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने वित्त वर्ष 2025-26 में सरकारी खजाने में 2,16,472 करोड़ का योगदान दिया है। इसमें टैक्स, ड्यूटी, लेवी और सरकार को किए गए अन्य भुगतान शामिल हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में यह योगदान 2,10,269 करोड़ था। इस तरह सालाना आधार पर इसमें करीब 2.95 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### रिलायंस ने की 1 लाख से ज्यादा नई भर्तियां

**मुम्बई।** रिलायंस ग्रुप ने वित्त वर्ष 2025-26 में 1 लाख से ज्यादा नई भर्तियां कीं। कंपनी की ताजा वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक 31 मार्च 2026 तक रिलायंस के कुल कर्मचारियों की संख्या बढ़कर 4,19,911 हो गई। कंपनी ने एआई, डेटा साइंस, ऑटोमेशन और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे क्षेत्रों में नई प्रतिभाओं को जोड़ने पर खास ध्यान दिया। यह भर्ती कंपनी के उस बदलाव को दिखाती है, जिसके तहत वह खुद को एआई-फर्स्ट और डीप-टेक कंपनी के रूप में आगे बढ़ा रही है।

**सिर कटी युवती की लाश की पुलिस जांच पर उठे सवाल**

# जिसकी हत्या के आरोप में पिता-भाई जेल में, वह 'शिवानी' मिली जिंदा

एजेंसी ▸▸ इंदौर

महाराष्ट्र पुलिस की जांच में बड़ी चूक का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिस युवती की हत्या मानकर उसके पिता और भाई को जेल भेज दिया गया था, वह युवती अचानक जिंदा हालत में मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में खकनार थाने पहुंच गई। इस घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है और पूरी जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने महाराष्ट्र पुलिस की जांच प्रक्रिया और पहचान संबंधी कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती उस सिर कटी लाश की वास्तविक पहचान और असली आरोपियों तक पहुंचने की है।



### अंतिम संस्कार भी किया

जानकारी के मुताबिक, शिवानी अप्रैल महीने में अपने प्रेमी अरुण के साथ घर से चली गई थी। काफी तलाश के बाद स्वजन ने एक मई को खकनार थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। करीब दस दिन बाद महाराष्ट्र पुलिस ने दावा किया कि उन्हें एक सिर कटी और जली हुई युवती की लाश मिली है, जिसकी पहचान शिवानी के रूप में की गई। इसी आधार पर उसके पिता और भाई को पूछताछ के लिए ले जाया गया और बाद में हत्या का आरोपी बनाकर जेल भेज दिया गया।

# कल्याण पर दुर्व्यवहार का आरोप काकोली ने बिरला से की शिकायत

## टीएमसी के अंदर असंतोष चरम पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने गुरुवार को अपने सहयोगी सांसद कल्याण बनर्जी के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को शिकायत दी है। बारासात से सांसद दस्तीदार ने लोकसभा में टीएमसी के मुख्य सचेतक बनर्जी पर बार-बार महिला सांसदों के साथ दुर्व्यवहार करने अपमान करने का आरोप लगाया है। अपने हाथ से लिखे पत्र में दस्तीदार ने बनर्जी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें दंडित करने की मांग की है।



**हाल में दिया है पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा :** काकोली घोष दस्तीदार ने यह शिकायत तब दर्ज कराई है, जब उन्होंने एक दिन पहले ही टीएमसी में सभी संगठनात्मक पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने क्षेत्र में पार्टी के खराब चुनावी प्रदर्शन की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए बारासात संसदीय जिले के अध्यक्ष पद और अखिल भारतीय तृणमूल महिला कांग्रेस के अध्यक्ष पद से भी इस्तीफा दिया था।

### पत्र में दस्तीदार ने क्या लिखा?

काकोली घोष ने बिरला को भेजे पत्र में लिखा, मैं आपसे अनुमति चाहती हूं कि मैं टीएमसी के लोकसभा सदस्य कल्याण बनर्जी के खिलाफ न्याय के लिए एक औपचारिक शिकायत दर्ज करा सकूं, जिन्होंने लोकसभा के भीतर बार-बार मेरे साथ मौखिक दुर्व्यवहार किया है। यह महिला-विरोधी रवैया कई महिला सदस्यों के साथ अपनाया गया है और इसके लिए उन्हें दंडित किया जाना चाहिए। हालांकि, अभी तक दस्तीदार या बनर्जी की ओर से कोई सार्वजनिक बयान नहीं आया है।

**केंद्र का द्वीपसमूह में सीप्लेन सेवा शुरू करने की दिशा में बड़ा कदम**

# लक्षद्वीप में समुद्र पर उतरेगा विमान! मालदीव जैसा बनेगा टूरिज्म हब

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नीले समंदर, सफेद रेत और क्रिस्टल जैसी साफ लैगून के बीच अब विमान उतरते दिखाई दे सकते हैं। भारत का खूबसूरत द्वीपीय क्षेत्र लक्षद्वीप जल्द ही मालदीव की तर्ज पर सीप्लेन टूरिज्म का नया हब बनने जा रहा है। केंद्र सरकार ने द्वीपसमूह में सीप्लेन सेवा शुरू करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। खबर के मुताबिक, पर्यावरण मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति ने 6 द्वीपों पर 'वाटर एयरोड्रम' परियोजना को पर्यावरणीय मंजूरी देने की सिफारिश की है। अगर अंतिम मंजूरी मिल जाती है तो पर्यटक सीधे समुद्र के बीच बने लैगून में उतर सकेंगे और लक्षद्वीप का पर्यटन पूरी तरह बदल जाएगा। भारत के सबसे खूबसूरत द्वीपीय क्षेत्रों में शामिल लक्षद्वीप अब पर्यटन के नए दौर में प्रवेश करने जा रहा है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की एक विशेषज्ञ समिति ने 20 मार्च को लक्षद्वीप के 6 द्वीपों पर 'वाटर एयरोड्रम' परियोजनाओं को पर्यावरणीय मंजूरी देने की सिफारिश की है। इससे आने वाले समय में कोच्चि से सीधे समुद्र के रास्ते सीप्लेन उड़ानें शुरू होने का रास्ता लगभग साफ हो गया है।

### कोच्चि से जुड़ेगा पूरा द्वीपसमूह

प्रस्तावित सीप्लेन नेटवर्क के तहत कोच्चि को कवारत्ती, कल्पेनी, किल्तान, कदमत, मिनिकॉय और अगत्ती द्वीपों से जोड़ा जाएगा। अभी तक लक्षद्वीप पहुंचने के लिए पर्यटकों को सीमित उड़ानों या लंबी समुद्री यात्रा पर निर्भर रहना पड़ता है, लेकिन सीप्लेन सेवा शुरू होने के बाद द्वीपों के बीच सफर बेहद आसान और तेज हो जाएगा। अधिकारियों का मानना है कि इससे लक्षद्वीप अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर और मजबूती से उभरेगा।

### पहली ट्रायल फ्लाइट ने बढ़ाया लोगों में उत्साह



दरअसल, इस योजना की नींव पहले ही रखी जा चुकी है। 13 मई को कोच्चि और लक्षद्वीप के बीच पहली बार सफल सीप्लेन ट्रायल उड़ान का संचालन किया गया था। डीएचसी 6-400 ट्विन ऑटर विमान पहले अगत्ती पहुंचा और बाद में कवारत्ती के लैगून में सफलतापूर्वक उतरा। इसे लक्षद्वीप के परिवहन इतिहास का ऐतिहासिक क्षण माना जा रहा है।

**मालदीव मॉडल पर तैयार हो रही योजना :** इस परियोजना की तुलना अब मालदीव मॉडल से की जा रही है, जहां सीप्लेन लक्जरी पर्यटन की पहचान बन चुके हैं। अगर सभी अंतिम मंजूरियां मिल जाती हैं, तो पर्यटक सीधे नीले लैगून और समुद्री किनारों के पास उतर सकेंगे। इससे लक्षद्वीप का पर्यटन अनुभव पूरी तरह बदल जाएगा और विदेशी पर्यटकों को भी नया आकर्षण मिलेगा।

**आधुनिक होंगे वाटर एयरोड्रम :** इन 'वाटर एयरोड्रम' को पारंपरिक एयरपोर्ट की तरह विकसित नहीं किया जाएगा। यहां छोटे यात्री टर्मिनल, फ्लोटिंग वॉकवे और सीप्लेन डॉकिंग सुविधाएं बनाई जाएंगी, ताकि समुद्र के भीतर सुरक्षित संचालन किया जा सके। अधिकारियों का कहना है कि यह मॉडल पर्यावरण के अनुकूल और पर्यटन केंद्रित होगा।

### आसाराम ने जोधपुर सेंट्रल जेल में किया सरेंडर

**जोधपुर।** आसाराम ने जोधपुर सेंट्रल जेल में सरेंडर कर दिया। राजस्थान हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद वह गुरुवार को जोधपुर पहुंचा। दोपहर 2:50 बजे आसाराम के आने की सूचना पर जोधपुर एयरपोर्ट पर उसके समर्थकों की भीड़ लग गई। आसाराम ने भी गाड़ी से समर्थकों को आशीर्वाद दिया। आसाराम एयरपोर्ट से सीधे पाल गांव स्थित अपने आश्रम पहुंचा। वहां से एम्स गया।

### पटना: बाढ़ में हादसा: गंगा में 15 लोगों से भरी नाव डूबी, 3 की मौत, 4 लापता

**पटना।** पटना के बाढ़ में गंगा में नाव पलटने से 3 लोगों की डूबने से मौत हो गई। जबकि 4 लापता बताए जा रहे हैं। 7 लोगों को बचा लिया गया है। नाव पर करीब 14 लोग सवार थे। जिसमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल थे। हादसा बाढ़ के उमानाथ इलाके में हुआ है। मृतकों की पहचान नीलम कुमारी (30), श्रवण महतो (36) और काशी कुमार (15) के रूप में हुई है। श्रवण और काशी का संबंध पिता-बेटे का है। घायलों में राहुल कुमार, ममता देवी, कबूतरी कुमारी और 16 साल की एक नाबालिग लड़की शामिल है। 3 की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

**कब्जा सूचना**

चूंकि, आईआईएफएल ने प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 (2002 का 54) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के प्रावधानों के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए कर्जदार/सह-कर्जदार, गारंटरों, गिरवीकर्ताओं, जिनका विवरण नीचे तालिका में वर्णित है, का आह्वान करते हुए एक डिमांड नोटिस जारी किया और चूंकि तदोपरांत, आईआईएफएल-एचएफएल के पास प्रतिभूति रसीदों के धारकों के लाभ के लिए फीनिक्स ट्रस्ट-एफवाई 26-14 ('फीनिक्स') के ट्रस्टी के तौर पर इसकी क्षमता में कार्य करते हुए फीनिक्स एआरसी लिमिटेड (पूर्व में "फीनिक्स एआरसी प्राईवेट लिमिटेड" के तौर पर जानी जाती) को नीचे दी गई अचल सम्पत्ति सहित कर्जदार/गारंटर(ों) को आईआईएफएल-एचएफएल, बैंक द्वारा ऋण सुविधाओं के फलस्वरूप कर्जदार/गारंटर(ों)/गिरवीकर्ता(ओं) द्वारा भुगतानयोग्य और देय ऋणराशि के सम्बन्ध में असाइनमेंट एग्रीमेंट दिनांक 29 दिसम्बर 2025 के तहत इसके सभी अधिकार, टाइटल, हित और लाभ असाइन कर चुका है। इसलिए, उक्त असाइनमेंट के मद्देनजर, फीनिक्स अब आईआईएफएल-एचएफएल के स्थान पर स्थानापन्न माना जाता है और फीनिक्स उनके द्वारा प्राप्त की गई वित्तीय सुविधाओं के लिए कर्जदार/गारंटर(ों)/गिरवीकर्ता(ओं) द्वारा निष्पादित और बनाई गई प्रतिभूति हित और गारंटी के प्रवर्तन समेत वित्तीय दस्तावेजों के तहत अधिकार और लाभ अमल में लाने और कर्जदार/गारंटर(ों)/गिरवीकर्ता(ओं) के विरुद्ध सभी और कोई भी कार्यवाही स्थापित करने/जारी रखने का हकदार होगा। कर्जदार/गारंटर(ों)/गिरवीकर्ता(ओं) द्वारा उक्त राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहने पर, कर्जदार/गारंटर(ों)/गिरवीकर्ता(ओं) को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि फीनिक्स का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथि को "जैसा है जहां है और जो भी है वहां है आधार पर" पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है।

| कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/गारंटर का नाम/एलएएन नं. | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रुपए में) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री आतिश श्रीमती पिंकी आतिश स्वामी कम्प्यूटर सेंटर सोएससी सरल केन्द्र, (प्रोस्पेक्ट नं. IL10466362) | रत्तन नगर कॉलोनी, तहसील जुलाना, जिला जीन्द, हरियाणा-126101 में स्थित प्रॉपर्टी आईडी 6X62JTJ9 वाली सम्पत्ति/मकान के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1494.00, 1395.20, 1185.90 | रु. 2327544/- रुपये तेईस लाख सताईस हजार पांच सौ चवालीस केवल | 08-10-2025 | 25-05-2026 |

कर्जदार/गारंटर(ों)/गिरवीकर्ता(ओं) को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि फीनिक्स सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(13) के तहत और ऊपर वर्णित अचल सम्पत्ति का कानूनी कब्जाधारी है, कर्जदार/गारंटर(ों)/गिरवीकर्ता(ओं) अथवा कोई व्यक्ति, जो भी हो, इस सूचना की प्राप्ति के पश्चात फीनिक्स की लिखित पूर्व अनुमति के बिना अचल सम्पत्ति को बिक्री, लीज अथवा अन्य किसी तरीके से डील द्वारा/स्वत्व-अंतरण द्वारा हस्तांतरण नहीं करेंगे और अचल सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आकस्मिक व्यय, लागत, परिव्यय इत्यादि सहित उपरोक्त राशि पर अनुबंधात्मक दर पर भविष्य के ब्याज सहित उपरोक्त राशि के लिए फीनिक्स की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदारों का/गारंटरों का/गिरवीकर्ताओं का ध्यान उपरोक्त अचल सम्पत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 29.05.2026 — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, फीनिक्स एआरसी लिमिटेड (ट्रस्टी के तौर पर क्षमता में)

**फीनिक्स एआरसी लिमिटेड (पूर्व में 'फीनिक्स एआरसी प्राईवेट लिमिटेड' के रूप में जानी जाती)**

CIN No.-U67190MH2007PLC168303 Website: www.phoenixarc.co.in पंजीकृत कार्यालय : तृतीय तल, वॉल्लेस टावर्स, 139/140/बी/1, सहर रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाई-वे का क्रॉसिंग, विले पार्ले ईस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र 400057. Tel: +91 02268492450.

## चिंतन

# सिद्धा के इस्तीफे से कांग्रेस में नई चुनौतियों की शुरुआत

लंबी उहापोह के बाद कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने विधानसभा चुनाव से करीब दो साल पहले इस्तीफा देकर उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के लिए रास्ता साफ कर दिया। सवाल यह है कि क्या यह कर्नाटक में नेतृत्व को लेकर कांग्रेस के भीतर वर्षों से चल रहे सत्ता संघर्ष का अंत है या एक नए संघर्ष की शुरुआत है। डीके सोमवार को शपथ ले सकते हैं। सिद्धारमैया ने साफ कर दिया है कि उन्होंने राज्यसभा के जरिये केंद्र की राजनीति में जाने का प्रस्ताव ठुकरा दिया है और प्रदेश की राजनीति में ही सक्रिय रहने का फैसला किया है। यही कांग्रेस व डीके कैंप में बेचैनी की वजह है। राज्य में शीर्ष पद पर रहने के बाद सिद्धारमैया का केंद्र में न जाना साबित करता है कि वे भविष्य में फिर इस पद पर दावेदारी करेंगे। यही नहीं, प्रदेश में डीके की एक भी गलती को भुनाने का वह कोई भी मौका नहीं छोड़ेंगे। यानी अगले दो साल तक वह सीधे या परोक्ष तौर सरकार के साथ रहते हुए विपक्ष की ही भूमिका में रहेंगे। यही कांग्रेस की चिंता है। डीके की शपथ से पहले भी कर्नाटक में जबरदस्त नाटक देखने को मिलेगा। सिद्धारमैया हाईकमान को दबाव में लाकर अपने समर्थकों को कैबिनेट में प्रमुख पद दिलाने की कोशिश करेंगे। इन हालात में डीके के लिए सरकार चलाना कितना कठिन होगा, यह समझा जा सकता है। कर्नाटक की राजनीति में खुद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रुचि है। उनके पुत्र प्रियांक भी सर्वोच्च पद के दावेदार रहे हैं। कांग्रेस में सत्ता संघर्ष 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की जीत के बाद हुए एक अनौपचारिक सत्ता-साझेदारी समझौते से जुड़ा माना जाता है। शिवकुमार समर्थक लगातार दावा करते रहे हैं कि सरकार गठन के समय सत्ता साझा करने पर सहमति बनी थी। हालांकि, सिद्धारमैया ने कभी सार्वजनिक रूप से ऐसे किसी समझौते को स्वीकार नहीं किया और प्रशासन पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी। चुनावों के बाद से ही मुख्यमंत्री पद को लेकर सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा थी। शिवकुमार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष थे और चुनाव उनके नेतृत्व में ही लड़ा गया था, इसलिए वह शीर्ष पद पर अपनी स्वाभाविक दावेदारी मान रहे थे। तब पार्टी ने शिवकुमार को मनाकर उपमुख्यमंत्री नियुक्त किया था और ढाई साल के बाद कमान देने का वादा किया था। बाद में हाईकमान द्वारा डीके खेमे की ओर से लगातार दबाव डालने के बावजूद कुछ भी साफ नहीं किया जा रहा था। इससे डीके का धैर्य चूक रहा था। यह दोनों नेताओं के बीच तनाव की वजह भी बना रहा। पिछले वर्ष नवंबर में, जब कर्नाटक सरकार ने अपने कार्यकाल का आधा हिस्सा पूरा कर लिया, तब कांग्रेस नेतृत्व ने कथित तौर पर शिवकुमार को असम विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी का राजनीतिक पर्यवेक्षक नियुक्त कर इस तनाव को कम करने की कोशिश की, लेकिन रोटेशनल मुख्यमंत्री व्यवस्था को लेकर अटकलें जारी रहीं। पिछले कुछ वर्षों में शिवकुमार ने अपने धार्मिक संपर्कों को भी काफी बढ़ाया है। उन्होंने कर्नाटक और देशभर के प्रमुख मंदिरों के लगातार दौरे किए। उनकी धार्मिक छवि को लेकर कांग्रेस के भीतर बहस भी छिड़ गई थी। शिवकुमार ने सार्वजनिक रूप से सिद्धारमैया के साथ टकराव को बढ़ाने से काफी हद तक परहेज किया, हालांकि उनके समर्थकों ने दबाव बनाए रखा। अब ऐसा ही दबाव सिद्धारमैया नहीं बनाएंगे, ऐसा नहीं लगता। कुल मिलाकर कर्नाटक में कांग्रेस की चुनौतियां खत्म नहीं हुई हैं, बल्कि यह नई चुनौतियों की शुरुआत है।



तैयारी

प्रमोद भार्गव

# अब बख्शे नहीं जाएंगे घुसपैठिए

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी द्वारा घुसपैठियों को देश से बाहर करने की मुहिम से तय है कि देश का जनसंख्यात्मक घनत्व बिगाड़ रहे और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए खतरा बने इन बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुस्लिमों की विदाई तय है। अधिकारी ने बंगाल में भाजपा की जीत के साथ ही, सबका विकास, सबका साथ नारे को बदलते हुए तय कर दिया है कि जिसका साथ, उसका विकास किया जाएगा। बंगाल, असम और पूर्वोत्तर राज्यों में स्थानीय बनाम विदेशी नागरिकों का मसला एक बड़ी समस्या बन गया है। जो यहां के जीवन को लंबे समय से झकझोर रहा है। यह अच्छी बात है कि अब इनकी नाक में नकेल डालकर बाहर का रास्ता दिखाने की मुहिम युद्ध स्तर पर चल रही है।

नक्सल समस्या की तरह अब घुसपैठियों की समस्या का निदान भी होने जा रहा है। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी द्वारा घुसपैठियों को देश से बाहर करने की मुहिम से तय है कि देश का जनसंख्यात्मक घनत्व बिगाड़ रहे और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए खतरा बने इन बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुस्लिमों की विदाई तय है। अधिकारी ने बंगाल में भाजपा की जीत के साथ ही, सबका विकास, सबका साथ नारे को बदलते हुए तय कर दिया है कि जिसका साथ, उसका विकास किया जाएगा। घुसपैठियों के बंगाल में बसने और लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ममता बनर्जी के मुख्यमंत्री रहते हुए मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति के तहत मिल रहा था। किंतु अधिकारी ने 'डिटेक्ट, डिलीट एंड डिपोर्ट' नीति लागू करने और जिला स्तर पर होल्डिंग सेंटर बनाने का निर्णय लेकर जता दिया है कि आखिरकार अवैध प्रवासियों को बाहर जाना ही होगा। इसी कड़ी में गृहमंत्री अमित शाह ने प्लेटफार्म एक्स पर ऐलान कर दिया कि 'घुसपैठ और अप्राकृतिक जनसांख्यिकीय परिवर्तन किसी भी राष्ट्र के लिए वर्तमान और भविष्य के लिए बड़ी चुनौती है। इससे निपटने के लिए 15 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में आबादी का संतुलन बिगड़ने की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करने की बात कही थी, जो अब कर दी गई है। यह समिति धार्मिक और सामाजिक समुदायों के स्तर पर असामान्य जनसंख्या बदलाव के तरीके की जांच व समीक्षा करेगी।' यह समिति सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता में काम कर एक साल के भीतर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

बंगाल, असम और पूर्वोत्तर राज्यों में स्थानीय बनाम विदेशी नागरिकों का मसला एक बड़ी समस्या बन गया है। जो यहां के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन को लंबे समय से झकझोर रहा है। बड़ी संख्या में घुसपैठ करके आए मुस्लिमों ने उनके न केवल आजीविका के संसाधनों को हथिया लिया है, बल्कि कृषि भूमि पर भी काबिज हो गए हैं। इस कारण राज्यों का जनसंख्यात्मक घनत्व बिगड़ रहा है। लिहाजा यहां के मूल निवासी और घुसपैठियों के बीच जानलेवा हिंसक झड़पें भी होती रहती हैं। नतीजतन अवैध और स्थायी नागरिकों की पहचान के लिए सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर एनआरसी यानी राष्ट्रीय नागरिकता पत्रक बनाने की पहल की थी। इसके मुताबिक 1971 से पहले असम में रह रहे लोगों को मूल नागरिक माना गया है। इसके बाद के लोगों को अवैध नागरिकों की सूची में दर्ज किया गया है। दरअसल घुसपैठिए अपनी नागरिकता सिद्ध नहीं कर पाते हैं, तो यह उन राजनीतिक दलों को वजूद बचाए रखने की दृष्टि से खतरे की घंटी है, जो मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करते हुए घुसपैठ को बढ़ावा देकर अवैध नागरिकता को वैधता देने के उपाय करते रहे हैं। पहले सीपीएम और बाद में तृणमूल इन घुसपैठियों को न केवल शरण देते रहे हैं, बल्कि उनके आधार, राशन और वोटर कार्ड भी बनवाते रहे हैं। नतीजा रहा कि बंगाल का हर चौथा वोटर मुस्लिम बताया जा रहा है। छह जिले तो ऐसे हैं, जहां मुस्लिमों की आबादी 66 प्रतिशत से भी अधिक हैं। इस कड़ी में मुर्शिदाबाद जिले में 66.27, मालदा में 51.27, उत्तर दिनाजपुर 49.92,



वीरभूमि में 37.06, दक्षिण 24 परगना 35.57 और नादिया में 26.27 प्रतिशत मुस्लिमों की आबादी हो गई है। इस बिगड़े जनसंख्यात्मक घनत्व का ही परिणाम रहा कि 34 साल सीपीएम और 15 साल तृणमूल ने बंगाल पर शासन करते हुए घुसपैठियों को संरक्षण देते रहे। यदि असम में अवैध घुसपैठ की बात करें तो 1951 से 1971 के बीच यहां के मतदाताओं की संख्या अचानक 51 प्रतिशत बढ़ गई। 1971 से 1991 के बीच यह संख्या बढ़कर 89 फीसदी हो गई। 1991 से 2011 के बीच मतदाताओं की तादाद 53 प्रतिशत बढ़ी। जबकि देश के अन्य हिस्सों में मुस्लिमों की आबादी में बढ़ोत्तरी 13.4 प्रतिशत से 14.2 फीसदी तक ही हुई। असम में 35 प्रतिशत से अधिक मुस्लिमों वाली 2001 में विधानसभा सीटें 36 थी, जो 2011 में बढ़कर 39 हो गईं। गौरतलब है कि 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्र होने के बाद से 1991 तक हिंदुओं की जनसंख्या में 41.89 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि इसी दौरान मुस्लिमों की जनसंख्या में 77.42 फीसदी की बेलगाम वृद्धि दर्ज की गई। इसी तरह 1991 से 2001 के बीच असम में हिंदुओं की जनसंख्या 14.95 प्रतिशत बढ़ी, जबकि मुस्लिमों की 29.3 फीसदी बढ़ी। घुसपैठियों को अपना वोट बैंक बनाने के लिए कांग्रेसियों ने इन्हें बड़ी संख्या में मतदाता पहचान पत्र एवं राशन कार्ड तक हासिल कराए। कांग्रेस की तरूण गोगाई सरकार इसी बूते 15 साल सत्ता में रही। लेकिन लगातार घुसपैठ ने कांग्रेस की हालत पतली कर दी थी। फलस्वरूप भाजपा सत्ता में आ गई। इस अवैध घुसपैठ के दुष्प्रभाव पहले अलगाववाद के रूप में देखने में आ रहे थे, लेकिन बाद में राजनीति में प्रभावी हस्तक्षेप के रूप में बदल गए। असम को बांग्लादेश से अलग ब्रह्मपुत्र नदी करती है। इस नदी का पाट इतना चौड़ा और दलदली है कि इस पर बाड़ लगाना या दीवार बनाना नामुमकिन है। केवल नावों पर सशस्त्र पहरेदारी के जरिए घुसपैठ को रोका जाता है। प्रधानमंत्री राजीव गांधी सरकार ने तत्कालीन असम सरकार के साथ मिलकर फैसला लिया था कि 1971 तक जो भी बांग्लादेशी असम में घुसे हैं, उन्हें नागरिकता दी जाएगी और बाकी को भारत की जमीन से निर्वासित किया जाएगा। इस फैसले के तहत ही अब तक कई बार एनआरसी ने नागरिकों की वैध सूची जारी करने की कोशिश की, लेकिन मुस्लिम वोट-बैंक की राजनीति के चलते कांग्रेस, वामपंथी और तृणमूल एनआरसी का विरोध करते रहे हैं। अतएव 2005 में सर्बानंद सोनोवाल बनाम भारत संघ मामले में असम में अवैध प्रवासियों के पहचान से जुड़े एक पुराने कानून को रद्द करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बेहद सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि असम में होने वाली भारी घुसपैठ ने राज्यों के नागरिकों के जीवन को आमूलचूल प्रभावित किया है। यह स्थिति एक तरह के अघोषित बाहरी आक्रमण जैसी है। बांग्लादेश के साथ भारत की कुल 4097 किलोमीटर लंबी सीमा-पट्टी है, जिस पर जरूरत के मुताबिक सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं। इस कारण गरीबी और भुखमरी के मारे बांग्लादेशी असम और बंगाल में घुसे चले आते हैं। यहां इन्हें कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल अपने-अपने वोट बैंक बनाने के लालच में भारतीय नागरिकता का सुगम आधार उपलब्ध करा देते हैं। मतदाता पहचान पत्र जहां इन्हें भारतीय नागरिकता का सम्मान हासिल करा देता है, वहीं राशन कार्ड की उपलब्धता इन्हें बीपीएल के दायरे में होने के कारण मुफ्त अनाज की सुविधा दिला देती हैं। आसानी से बन जाने वाले बहुउद्देशीय पहचान वाले आधार कार्ड भी इन घुसपैठियों ने बड़ी मात्रा में हासिल कर लिए हैं। इन सुविधाओं की आसान उपलब्धता के चलते देश में घुसपैठियों की तादाद चार करोड़ से भी ज्यादा बताई जा रही है। यह अच्छी बात है कि अब इनकी नाक में नकेल डालकर बाहर का रास्ता दिखाने की मुहिम युद्ध स्तर पर चल रही है।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## श्रद्धांजलि

प्रो. आरके जैन



# डॉ. बशीर बद्र : उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो

उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो...बशीर बद्र की यह पंक्ति आज स्वयं एक विदाई का सन्नाटा बनकर गूंज रही है। उर्दू शायरी का वह नर्म, रोशन और संवेदनशील सितारा अब अस्त हो गया है। केवल एक शायर नहीं गया, बल्कि एक पूरी भावनात्मक परंपरा मौन हो गई। 28 मई 2026 को भोपाल में लंबी बीमारी के बाद 91 वर्ष की आयु में उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कहा, लेकिन उनकी शायरी अब भी सांसों में जीवित है। वे केवल शब्द नहीं रचते थे, बल्कि टूटे हुए दिलों को जोड़ने वाली भावनाओं की पूरी दुनिया बसाते थे- जहां दर्द भी सुंदर लगता था और उम्मीद भी बहुत करीब। उनका जाना एक खालीपन नहीं, बल्कि एक ऐसी खामोश मौजूदगी है जो हर एहसास में धीरे-धीरे उतरती रहती है। जब शब्दों की रोशनी खुद इतिहास बन जाए, तो समझिए कोई शायर अमर हो चुका होता है। मशहूर उर्दू शायर और ग़ज़लकार पद्मश्री बशीर बद्र का जाना साहित्य जगत के लिए एक ऐसा आघात है, जिसने भावनाओं की सबसे नाज़ुक परत को हिला दिया। वे उन विरले शायरों में थे जिनके शब्द मंच से उतरकर सीधे जीवन की सांसों में बस जाते थे। उनका जाना केवल शरीर का अंत नहीं, बल्कि उस आवाज़ का ठहर जाना है जिसने सादगी को भी शिखर बना दिया। फिर भी, उनकी ग़ज़लें आज भी हर टूटे दिल में जीवित हैं और हर याद में चुपचाप रोशनी बनकर चलती रहती हैं। जहां शब्द जन्म लेते हैं और संवेदना उन्हें आकार देती है, वहीं से एक असाधारण सफ़र शुरू होता है।



15 फरवरी 1935 को अयोध्या (तब फैजाबाद) में जन्मे बशीर बद्र बचपन से ही शायरी की ओर आकर्षित थे और सात वर्ष की उम्र में ही शेर कहने लगे थे। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से पीएचडी के बाद उन्होंने वहीं उर्दू के प्रोफेसर के रूप में कार्य किया, फिर मेरठ कॉलेज में 17 वर्षों तक विभागाध्यक्ष रहे। फारसी, हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी पर उनकी गहरी पकड़ ने उनकी शायरी को समृद्ध और बहुआयामी बनाया। जब जीवन की सबसे गहरी आग इंसान के भीतर उतर जाए, तो शब्द भी राख से जन्म लेते हैं। 1987 के मेरठ दंगों ने बशीर बद्र को भीतर तक तोड़ दिया- उनका घर, यादें और अनमोल अनप्रकाशित रचनाएं सब-कुछ जलकर राख हो गया। इस त्रासदी ने उन्हें लंबे समय तक लेखन से दूर कर दिया और उनका जीवन गहरे खालीपन में डूब गया। लेकिन भोपाल में डॉ. राहत बद्र के साथ नए सिरे से मिली जीवन-धारा ने उन्हें फिर से शब्दों की ओर लौटा दिया। उसी पीड़ा से निकली उनकी अमर पंक्ति-"लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में..."-आज भी मानवीय संवेदना की सबसे तीखी और सजीव अभिव्यक्ति मानी जाती है। शब्दों को सजाने के बजाय उन्हें जीने की कला बशीर बद्र की शायरी की सबसे बड़ी पहचान थी। उन्होंने जटिल अलंकारों की जगह जीवन की सीधी, सरल भाषा को अपनाया और उसी में गहराई भर दी। प्रेम, विरह, अकेलापन और सामाजिक यथार्थ उनकी ग़ज़लों में सहजता से उतरते थे। उनकी प्रमुख कृतियाँ 'इकाई', 'इमेज', 'आमद', 'आहट', 'आस' और 'कुल्लियात-ए-बशीर बद्र' आधुनिक उर्दू साहित्य की अमूल्य धरोहर बन गईं। 'आस' के लिए उन्हें 1999 में साहित्य अकादमी पुरस्कार और उसी वर्ष पद्म श्री से सम्मान मिला। साथ ही उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी से चार बार, बिहार उर्दू अकादमी से एक बार तथा 1980 में न्यूयॉर्क के 'पोएट ऑफ द ईयर' सम्मान ने उनकी वैश्विक पहचान को और मजबूत किया। कुछ पंक्तियां समय को भी पीछे छोड़ देती हैं और स्मृतियों में हमेशा के लिए बस जाती हैं- ऐसी ही शायरी बशीर बद्र की पहचान है। उनकी मशहूर पंक्तियां "उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो..." और "दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे..." आज भी लोगों की ज़ुबान पर जीवित हैं, जो रिश्तों और भावनाओं को एक नई दृष्टि देती हैं। उनके 18,000 से अधिक शेर और असंख्य ग़ज़लें फिल्मों, रेडियो और मुशायरों में लगातार गूंजती रही हैं। उनकी शायरी ने उर्दू ग़ज़ल को आम इंसान की भाषा बना दिया, जहां हर व्यक्ति अपने दर्द और अपनी पहचान को महसूस कर सकता है। जब यादें साथ छोड़ने लगती हैं, तब भी शब्द अपनी रोशनी नहीं खोते-बशीर बद्र के जीवन का अंतिम चरण इसका साक्षात प्रमाण रहा। डिमेंशिया ने धीरे-धीरे उनकी स्मृतियों पर धुंध छा दी, लेकिन उनकी पत्नी डॉ. राहत बद्र उनकी रचनाएं सुनाकर उन्हें फिर से जीवित करती रहीं। उनकी ग़ज़लें समय की सीमाओं को पार कर आज भी लोगों को जोड़ती हैं, और यही साबित करती हैं कि सच्ची रचना कभी मरती नहीं-वह हमेशा अपने पाठकों के भीतर जीवित रहती है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू



संकलित

**दर्शन**

सामान्य तौर पर हम अधिकार एवं कर्तव्य की बात करते हैं। जबकि वास्तव में होना चाहिए कर्तव्य और अधिकार। व्यक्ति को पहले अपना कर्तव्य करना चाहिए। फिर अपने अधिकारों की बात करनी चाहिए। जब हम अधिकारों की बात करते हैं तो यह भूल जाते हैं कि हमारे कुछ कर्तव्य भी हैं। यह विडंबना है कि संविधान में भी कर्तव्यों को बाद में जोड़ा गया। जब कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू हैं, तो हम हमेशा अधिकार पर ही क्यों रुक जाते हैं? कर्तव्य हमें अपनी नैतिक जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं तो अधिकार हमारे जागरूक होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। यदि हम जागरूक हैं तो फिर जिम्मेदार क्यों नहीं? अगर परिवार, समाज और देश में समृद्धि और शांति लाना चाहते हैं तो हर नागरिक को पहले अपने कर्तव्य पर ध्यान देना होगा। केवल अधिकारों की बात कर उसकी आड़ में हम अपने कर्तव्यों को अनदेखा न करें। हम ईमानदारी से कर्तव्य करते रहेंगे तो अधिकार स्वतः ही प्राप्त हो जाएंगे, क्योंकि वह कर्तव्यों में ही निहित है। कर्ण की कर्तव्य के प्रति निष्ठा सर्वविदित है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन ही नहीं, बल्कि मनुष्य मात्र को यह उपदेश दिया है कि 'कर्म करो और फल की इच्छा मत करो।' जब इच्छित फल की हमें प्राप्ति नहीं होती है तो हमें दुख होता है। अतः सुखी रहना है तो सिर्फ कर्म करें और वह भी निष्काम भाव से। कर्तव्यों में कर्म है और कर्म करना ही मनुष्य की पहचान है। यही कर्म पुण्य के माध्यम से हमें स्वर्ग के द्वार तक पहुंचाते हैं।

## सिद्धियों का उचित प्रयोग ही करें



संकलित

**प्रेरणा**

चार विद्वान ब्राह्मण मित्र थे। एक दिन चारों ने संपूर्ण देश का भ्रमण कर हर प्रकार का ज्ञान अर्जित करने का निश्चय किया। चारों ब्राह्मणों ने चार दिशाएं पकड़ीं और अलग-अलग स्थानों पर रहकर अनेक प्रकार की विद्याएं सीखीं। पांच वर्ष बाद चारों अपने गृहनगर लौटे और एक जंगल में मिलने की बात तय की। चूंकि चारों परस्पर एक-दूसरे को अपनी गूढ़ विद्याओं व सिद्धियों को बताना चाहते थे, अतः इसके लिए जंगल से उपयुक्त अन्य कोई स्थान नहीं हो सकता था। जब चारों जंगल में एक स्थान पर एकत्रित हुए तो वहां उन्हें शेर के शरीर की एक हड्डी पड़ी हुई मिली। एक ब्राह्मण ने कहा- मैं अपनी विद्या से इस एक हड्डी से शेर का पूरा अस्थि पंजर बना सकता हूँ। उसने ऐसा कर भी दिखाया। तब दूसरे ब्राह्मण ने कहा- मैं इसे त्वचा, मांस और रक्त प्रदान कर सकता हूं। फिर उसने यह कर दिया। अब उन लोगों के समक्ष एक शेर पड़ा था, जो प्राणविहीन था। अब तीसरा ब्राह्मण बोला- मैं इसमें अपनी सिद्धि के चमत्कार से प्राण डाल सकता हूं। चौथे ब्राह्मण ने उसे यह कहते हुए रोका- यह मूर्खता होगी। हमें तुम पर विश्वास है, किंतु यह करके न दिखाओ। किंतु तीसरे ब्राह्मण का तर्क था कि ऐसी सिद्धि का क्या लाभ जिसे क्रियान्वित न किया जाए। उसका हठ देखकर चौथा ब्राह्मण तत्काल पास के पेड़ पर चढ़कर बैठ गया। तीसरे ब्राह्मण के मंत्र पढ़ते ही शेर जीवित हो गया। प्राणों के संचार से शेर को आहार की आवश्यकता महसूस हुई और उसने सामने मौजूद तीनों ब्राह्मणों को मारकर खा लिया। चौथे ब्राह्मण ने समझदारी से अपने प्राण बचा लिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पेट्रोल-डीजल वाहनों का विकल्प इलेक्ट्रिक वाहन

अमरीका और ईरान युद्ध के कारण हमारे देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी वृद्धि हो रही है। इससे आम लोगों पर महंगाई का बोझ बढ़ रहा है, खासतौर पर जिनका कारोबार अपने निजी वाहनों के जरिए होता है, डीजल की कीमत में वृद्धि से सार्वजनिक वाहनों में सफर भी महंगा हो सकता है। कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम ई-बस सेवा योजना को हरी झंडी देकर चंडीगढ़ के लिए लगभग 25 इलेक्ट्रिक बसों का वर्चुअल तरीके से शुरुआत की। छत्तीसगढ़ में भी ऐसी पहल हो चुकी है। यहां की सरकार ने वायु प्रदूषण को कम करने के लिए अच्छी पहल करते हुए नई इलेक्ट्रिक बसें और अन्य सरकारी वाहन ही खरीदने का मन बनाया है। सरकार इससे अपने यहां डीजल और पेट्रोल का प्रयोग भी कम करेगी। *- ललित चौधरी, जींद*

## करंट अफेयर

### अगले पांच साल में तापमान में होगी रिकॉर्ड वृद्धि : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र की नयी जलवायु रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि अगले पांच वर्षों के दौरान पृथ्वी का तापमान कई बार उस अंतरराष्ट्रीय सीमा से ऊपर जा सकता है, जिसे अब तक सुरक्षित माना जाता रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान पृथ्वी के सबसे गर्म वर्ष का रिकॉर्ड भी कई बार टूट सकता है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने यह भी अनुमान जताया है कि 2030 तक आर्कटिक क्षेत्र का तापमान करीब 1.66 डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है। इसके साथ ही अमेजन क्षेत्र में गंभीर सूखे और वनाग्नि का खतरा भी बढ़ सकता है। वैज्ञानिकों ने कहा कि कोयला, तेल और गैस के इस्तेमाल से बढ़ रही वैश्विक गर्मी के कारण बाढ़, सूखा और भीषण गर्मी जैसी चरम मौसमी घटनाएं अधिक होंगी। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु एजेंसी और ब्रिटेन के मौसम विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2026 से 2030 के बीच औसत वैश्विक तापमान के औद्योगिक क्रांति से पहले के स्तर की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने की 75 प्रतिशत आशंका है। यही वह सीमा है जिसे 2015 के पेरिस जलवायु समझौते में सुरक्षित माना गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि तापमान में मामूली वृद्धि भी मौत, खतरे और जीव-जंतुओं की प्रजातियों के नुकसान का कारण बन सकती है।



## ऑफ बीट

### लगातार गाड़ी चलाते समय थकान क्यों महसूस होती है

चाहे आप रोज दफ्तर आने-जाने के लिए गाड़ी चला रहे हों या समुद्र किनारे लंबी यात्रा पर निकले हों, लगातार 'ड्राइविंग' शरीर और दिमाग दोनों को थका सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि गाड़ी चलाना एक बेहद जटिल काम है, जिसमें दिमाग के कई हिस्सों को एक साथ काम करना पड़ता है। इनमें योजना बनाना, सतर्क रहना और आसपास की चीजों को समझना शामिल हैं। लेकिन जब आप थक जाते हैं, तो दिमाग के ये हिस्से पहले की तरह प्रभावी ढंग से काम नहीं कर पाते। यही वजह है कि चालक की थकान को सड़क सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता है। हालिया शोध बताते हैं कि ऑस्ट्रेलिया की सड़कों पर हुए हादसों में से 20 से 30 प्रतिशत उनींदे होकर गाड़ी चलाना एक प्रमुख कारण रहा। इसका असर हर उम्र और अनुभव वाले चालकों पर पड़ सकता है। ड्राइविंग के दौरान दिमाग कैसे काम करता है-ड्राइविंग एक ऐसा कार्य है जिसमें ध्यान, सतर्कता, चीजों को पहचानने की क्षमता, शरीर की गतिविधियों पर नियंत्रण और तेज निर्णय लेने जैसी कई मानसिक प्रक्रियाएं एक साथ सक्रिय रहती हैं। एक शोध विश्लेषण में पाया गया कि गाड़ी चलाने के दौरान दिमाग के बहुत से खास हिस्से सक्रिय हो जाते हैं।



## ट्रेंड

### सावरकर को श्रद्धांजलि



महान क्रांतिकारी और प्रतिभाशाली राष्ट्रवादी विचारक वीर सावरकर को हार्दिक श्रद्धांजलि! उनका वीरता और बुद्धि से परिपूर्ण व्यक्तित्व राष्ट्र की प्रत्येक पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।

- **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### खाद्यान्न उत्पादन



देश में खाद्यान्न उत्पादन का अब तक का उच्चतम स्तर दर्ज किया गया है। कल ही हमने तीसरा अग्रिम अनुमान जारी किया। इस वर्ष खाद्यान्न का कुल अनुमानित उत्पादन 3,765.63 लाख टन है, जो पिछले वर्ष से 188 लाख टन अधिक है।

- **शिवराज सिंह चौहान**, केंद्रीय कृषिमंत्री

### समस्याओं का समाधान



सत्ता हमारे लिए सुख का साधन नहीं, बल्कि जनता की सेवा का माध्यम है। ग्राम चौपाल के माध्यम से राजस्थान सरकार आज हर गांव तक पहुंच रही है, ताकि समस्याओं का समाधान मौके पर किया जा सके और विकास योजनाएं समाज के सबसे दूरस्थ व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंच सकें।

- **भजनलाल शर्मा**, सीएम, राजस्थान

### राजनीतिक प्रतीक



भारतीय सार्वजनिक विमर्श के विशाल रंगमंच पर, जहाँ रूपक लंबे समय से औजार और हथौड़े दोनों का काम करते आए हैं, तिलचट्टे का एक कीड़े से राजनीतिक प्रतीक के रूप में उभरना एक गहरा परिवर्तन दर्शाता है।

- **राम गोपाल वर्मा**, फिल्मकार

**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# साइप्रस में इयू के विदेश मंत्रियों से मिले जयशंकर

# यूक्रेन जंग और पश्चिम एशिया में क्षेत्रीय संकट पर की चर्चा

जयशंकर ने कहा कि यूरोपीय संघ और इस क्षेत्र के साथ हमारी साझेदारी कई क्षेत्रों में लगातार गहरी होती जा रही है। उभरते बहुध्रुवीय व्यवस्था में अवसरों, व्यावहारिक सहयोग और हमारे साझा हितों पर चर्चा की गई

एजेंसी ▶▶ निकोसिया

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को साइप्रस में यूरोपीय संघ (ईयू) के विदेश मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान मंत्रियों ने उभरते बहुध्रुवीय व्यवस्था में अवसरों, व्यावहारिक सहयोग और अपने साझा हितों पर चर्चा की।

विदेश मंत्री जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि यूरोपीय संघ के विदेश मामलों के मंत्रियों की अनौपचारिक जिम्निच बैठक में शामिल होने के लिए लिमासोल में आकर बहुत अच्छा लगा। यूरोपीय संघ और इस क्षेत्र के साथ हमारी साझेदारी कई क्षेत्रों में लगातार गहरी होती जा रही है। उभरते बहुध्रुवीय व्यवस्था में अवसरों, व्यावहारिक सहयोग और हमारे साझा हितों पर चर्चा की गई।

## कई देशों के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर हुई बातचीत


ईयू के विदेश मंत्रियों के साथ विदेश मंत्री एस. जयशंकर

## भू-आर्थिक चुनौतियों पर विचार-विमर्श

*जिम्निच फोरम यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक है, जो प्रमुख भू-आर्थिक चुनौतियों, सुरक्षा और रणनीतिक मामलों पर चर्चा करने के लिए समय-समय पर आयोजित की जाती है। जयशंकर ने जिम्निच फोरम से इतर नीदरलैंड, पोलैंड, फ्रांस, स्लोवाकिया और एस्टोनिया के विदेश मंत्रियों और पोलैंड के उप प्रधानमंत्री राडोस्लाव सिकोरस्की के साथ भी बैठकें कीं। बता दें, विदेश मंत्री एस. जयशंकर बुधवार को यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियों की एक अनौपचारिक बैठक में भाग लेने के लिए साइप्रस पहुंचे।*

## रूस-यूक्रेन के बीच स्थायी शांति हो



विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने यूक्रेनी समकक्ष एंड्री सिबिहा से भी मुलाकात में रूस-यूक्रेन संघर्ष पर स्थायी शांति की प्रतिबद्धता जताई और द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की।

### ईयू संग एफटीए पर चर्चा



जयशंकर ने यूरोपीय संघ की विदेश मामलों और सुरक्षा नीति की उच्च प्रतिनिधि काजा कल्लास से भारत-यूरोपीय संघ के साथ हुए एफटीए को तेज गति देने और पश्चिम एशिया हालात पर भी बातचीत की।

### सऊदी अरब के विदेश मंत्री से मुलाकात



विदेश मंत्री जयशंकर ने सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ बैठक की, जहां दोनों पक्षों ने पश्चिम एशिया में क्षेत्रीय घटनाक्रम पर विचारों पर बात की।

### स्पेन के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाएंगे




जयशंकर ने स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बारेस से मुलाकात में रक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

---

## गुजरात दौरे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित ने किया बड़ा ऐलान

# ममता सरकार ने कराई घुसपैठ, अब घुसपैठिए स्वेच्छा से लौट जाएं तो सख्त कार्रवाई नहीं होगी

### 600 हेक्टेयर जमीन बीएसएफ को देने पर सीएम शुभेंदु को बधाई दी


गांधीनगर में जनता के बीच गृहमंत्री शाह

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

गुजरात दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी को बीएसएफ को केवल 7 दिन में 600 हेक्टेयर जमीन सौंपने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि पहले ममता के शासनकाल में हर दिन घुसपैठ होती थी, लेकिन अब घुसपैठिए खुद ही वापस लौटने लगे हैं। गांधीनगर में शाह ने कहा कि चुनाव के दौरान हमने कहा था कि अगर हमें सत्ता मिलती है तो बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने का काम कुछ ही दिनों में शुरू कर दिया जाएगा। शाह ने कहा, चिकन नेक कॉरिडोर में 121 हेक्टेयर जमीन भी भारत सरकार को सौंप दी गई है।

बाड़ लगाने का काम जल्द शुरू होगा

सरकार उनके लौटने की प्रक्रिया में मदद करेगी

### देश के लगभग 80 फीसदी भौगोलिक क्षेत्र में भाजपा का शासन


गांधीनगर में परियोजना का लोकार्पण किया

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गुजरात से विकास की यात्रा शुरू की थी और आज उनकी सरकार ने 12 साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने गुजरात के विकास मॉडल को कश्मीर से कन्याकुमारी और गंगासागर से सोमनाथ तक फैलाया है। आज विकास दिखाई दे रहा है।

### वीर सावरकर को दी श्रद्धांजलि

शाह ने कहा कि आज वीर सावरकर की जयंती है। विनायक दामोदर सावरकर इतने महान देशभक्त थे कि उन्हें किसी सरकारी सम्मान की आवश्यकता नहीं थी। पूरे देश में उन्हें केवल विनायक दामोदर सावरकर के रूप में ही नहीं, बल्कि भारत के हर बच्चे को 'वीर सावरकर' के नाम से याद किया जाता है। उन्होंने पूरा जीवन देशभक्ति और भारत माता को ब्रिटिश शासन से मुक्त कराने के लिए समर्पित किया। वे एकमात्र स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्हें दो बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

### जनसांख्यिकीय आयोग गठित करने का फैसला

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसांख्यिकीय परिवर्तन आयोग समिति गठित करने का निर्णय लिया है। यह उच्चस्तरीय समिति देश भर में हो रहे आर्टिफ़ीशियल डेमोग्राफिक चेंज के कारणों की जांच करेगी और संभावित समाधानों पर भी विचार करेगी। यह इस बात का भी आकलन करेगी कि क्या इस मुद्दे को हल करने के लिए किसी कानून की आवश्यकता है। जनसांख्यिकीय परिवर्तन आयोग एक साल के अंदर ही अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा और आर्टिफ़ीशियल डेमोग्राफिक चेंज को रोकने के प्रयास किए जाएंगे।

### बंगाल छोड़कर चले जाएं, यहां पालने की जरूरत नहीं : शुभेंदु

बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी ने राज्य में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों को कड़ी चेतावनी दी है कि वे तुरंत बंगाल छोड़कर चले जाएं। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए हैं कि इन घुसपैठियों को जेल में रखकर सरकारी पैसे (भोजन, दवा, और कपड़े) पर पालने की कोई जरूरत नहीं है। सीधे खदेड़ने के निर्देश: उन्होंने घुसपैठियों को 'जल्दी-जल्दी भागो' की अंतिम चेतावनी दी है। साथ ही, पुलिस को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि उन्हें जेल न भेजकर सीधा सीमा पार खदेड़ा जाए।

---

## संकरी सड़कें और रास्ता ठीक नहीं होने से लग रहा बार-बार जाम

22 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, जून में और बढ़ेगा आंकड़ा

# चारधाम यात्रा: तीन दिन के सफर में लग रहे हैं दस दिन

एजेंसी ▶▶ कर्णप्रयाग

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा चरम पर है लेकिन यात्रा मार्ग पर कई जगह संकरी सड़कें और रास्ता ठीक नहीं होने के कारण बार-बार जाम लग रहा है। ऐसे में वाहन रेंगते हुए आगे बढ़ रहे हैं। चारधाम यात्रियों के साथ ही स्थानीय लोगों का भी यात्रा का शेड्यूल गड़बड़ा रहा है।

लोगों के तीन दिन के सफर में दस दिन लग रहे हैं। पार्किंग की उचित व्यवस्था न होने से सड़क किनारे वाहन खड़े किए गए हैं जिससे कई बार जाम की स्थिति बन रही है। बदरीनाथ और केदारनाथ दर्शन के लिए सवारियों को लेकर आए थे लेकिन एक घंटे का रास्ता तय करने में ही दोगुना समय लग जा रहा है।



### केदारनाथ में 8.75 लाख लोगों ने दर्शन किए

चार धाम यात्रा इस बार रिकॉर्ड तोड़ रही है। चारों धाम में 22 लाख 75 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। केदारनाथ धाम में अब तक 8 लाख 75 हजार लोगों में दर्शन किए हैं। बद्रीनाथ धाम में 6 लाख 13 हजार श्रद्धालु पहुंचे हैं। यमुनोत्री में 3 लाख 87 हजार श्रद्धालुओं में दर्शन किए है। गंगोत्री धाम में 3 लाख 85 हजार श्रद्धालु पहुंचे है। हेमकुंड साहिब में भी श्रद्धालुओं का आंकड़ा 12 हजार पार पहुंचा गया है।

## सऊदी अरब की जेल से 20 साल बाद बकरीद पर घर लौटा अब्दुल रहीम

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब में मौत की सजा का सामना कर रहे अब्दुल रहीम 20 साल बाद बकरीद पर घर लौटे। लोगों ने क्राउडफंडिंग के जरिए ब्लड मनी के लिए 34 करोड़ रुपए जुटाए, तब जाकर कहीं उन्हें मौत की सजा से राहत मिली। रहीम नवंबर 2006 में सऊदी अरब गए थे। रियाद में रहीम को एक परिवार के दिव्यांग बेटे अनस अल फायिस की देखभाल का जिम्मा सौंपा गया था। कार यात्रा के दौरान, रहीम के हाथ से गलती से अनस के लाइफ सपोर्ट सिस्टम की ट्यूब टूट गई। 15 वर्षीय अनस की कुछ ही क्षणों में दम घुटने से मृत्यु हो गई थी। उन्हें दिसंबर 2006 में गिरफ्तार कर लिया गया और 2012 में सऊदी अदालत ने उन्हें मौत की सजा सुनाई।



## इबोला के चलते हाई अलर्ट पर सभी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट

**नई दिल्ली।** नई वैश्विक स्तर पर इबोला के बढ़ते खतरों को देखते हुए एयरपोर्ट हेल्थ आर्गेनाइजेशन (एपीएचओ) ने देश के सभी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था को बेहद कड़ा कर दिया है। अब दुनिया के किसी भी कोने से भारत पहुंचने वाले हर यात्री को इस सख्त सुरक्षा घेरे से गुजरना होगा। नए प्रोटोकाल के तहत, अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से उतरने वाले सभी यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग की जा रही है। 21 दिनों का विस्तृत यात्रा इतिहास देना होगा। स्वास्थ्य संबंधी लक्षणों की वर्तमान स्थिति भी बतानी होगी।



---

## पीएम मोदी की मेजबानी करना हमारे लिए बेहद सम्मान की बात


एंथनी अल्बनीज और पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज ने पीएम नरेंद्र मोदी के जल्द ऑस्ट्रेलिया दौरे को लेकर बड़ा बयान दिया है। कैनबरा में संसद को संबोधित करते हुए

### ऑस्ट्रेलिया की संसद में अल्बनीज बोले

अल्बनीज ने कहा कि भारत, जो पहले ही दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है, इस दशक में वैश्विक अर्थव्यवस्था की तीसरी सबसे बड़ी शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने भारत को ऑस्ट्रेलिया का बेहद महत्वपूर्ण साझेदार बताते हुए दोनों देशों के मजबूत होते रिश्तों की जमकर तारीफ की। पीएम ने कहा मुझे जल्द ही पीएम मोदी की मेजबानी करने का अवसर मिलेगा।



## नेपाल में 14 स्कूलों का निर्माण करेगा भारत

**काठमांडू।** भारत ने नेपाल के भूकंप प्रभावित 8 जिलों में 14 स्कूलों के निर्माण के लिए 56.02 करोड़ नेपाली रुपए देने की प्रतिबद्धता जताई है। नेपाल के शिक्षा एवं खेल मंत्रालय ने बताया कि ये स्कूल गोरखा, नुवाकोट, धाडिंग, दोलखा, काठमांडू, कावरेपालंचोक, रामेछाप और सिंधुपालचोक जिलों में बनाए जाएंगे। ये वे क्षेत्र हैं जो पिछले कई वर्षों में देश में आए भूकंपों से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं।

## गुजरात की छात्रा विधि की चाकू घोंपकर हत्या, अपराधी फरार

एजेंसी ▶▶ ओटावा

गुजरात के आनंद जिले की रहने वाली 22 वर्षीय भारतीय छात्रा विधि कल्पेशभाई मेघानी कनाडा में करियर बनाने गई थी। जहां नायग्रा में 15 मई को उसकी चाकू गोद कर हत्या कर दी गई है। वो घर से निकली थी कि हमलावार ने इस पर चाकुओं से ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिए। विधि चीखती-चिल्लाती रही लेकिन जब तक मदद पहुंची तब तक बहुत देर हो चुकी थी। हालांकि, इस खौफनाक घटना को कई दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा है। पुलिस हत्या का केस दर्ज कर मामले की तफ्तीश में जुट गई है। वारदात वाली जगह के आसपास लगे सभी सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।



---

## अयोध्या में जन्मे.. और अलीगढ़ से पढ़े, भोपाल में हुआ निधन

# 'उजाले अपनी यादों के साथ रहने दो....'




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उर्दू शायरी के मशहूर शायर डॉ. बशीर बद्र का 28 मई को निधन हो गया। उन्होंने 91 साल की उम्र में उन्होंने भोपाल स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। बद्र साहब पिछले काफी समय से लंबी बीमारी (डिमेंशिया) से जूझ रहे थे। उनके निधन की खबर आते ही साहित्य जगत समेत पूरी दुनिया में फैले उनके लाखों प्रशंसकों में शोक की लहर दौड़ गई है। उर्दू शायरी में बशीर बद्र का नाम बड़े और मशहूर गजलकारों में लिया जाता था। उनकी शानदार शायरी और साहित्य में योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री पुरस्कार दिया था। मशहूर स्क्रिप्ट राइटर व गीतकार जावेद अख्तर ने बद्र के निधन पर उन्हें याद करते हुए कहा, डॉ. बशीर बद्र की शायरी आम आदमी की पीड़ा, उम्मीद, टूटन और इश्क को बेहद सादगी और गहराई से बयान करती है।

■ 91 साल की उम्र में ली

### आटोग्राफ की जगह लिख दिया शेर

*बद्र साहब की शायरी से जुड़ा एक किस्सा है जिसने एक सुपरस्टार को छुआ है। हम बात कर रहे हैं दिलीप कुमार की। यह कहानी बशीर बद्र के बेटे, मशहूर गीतकार नुसरत बद्र की जुबानी सामने आई, जिन्होंने संजय लीला भंसाली की फिल्मों देवदास और सावरिया के लिए गाने लिखे हैं। नुसरत ने बताया कि वे एक दिन दिलीप कुमार साहब से ऑटोग्राफ मांगने पहुंचे। जब दिलीप कुमार को पता चला कि यह युवक बशीर बद्र का बेटा है, तो वे थोड़ा भावुक हो गए।*

### बद्र के बेहतरीन शेर

*उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो
न जाने किस गली में ज़िंदगी की शाम हो जाए*

*दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे
जब कभी हम दोस्त हो जाएं तो शर्मिन्दा न हों*

*हम भी दरिया हैं हमें अपना हुनर मालूम है
जिस तरफ़ भी चल पड़ेंगे रास्ता हो जाएगा*

*कोई हाथ भी न मिलाएगा जो गले मिलोगे तपाक से
ये नए मिज़ाज का शहर है ज़रा फ़ासले से मिला करो*

*शौहरत की बुलन्दी भी पल भर का तमाशा है
जिस डाल पर बैठे हो, वो टूट भी सकती है*

*मुहब्बतों में दिखावे की दोस्ती न मिला
अगर गले नहीं मिलता तो हाथ भी न मिला*

*सर झुकाओगे तो पत्थर देवता हो जाएगा
इतना मत चाहो उसे वो बेवफ़ा हो जाएगा*

### डॉ. राहत से हुआ था निकाह

भोपाल में बशीर बद्र की मुलाकात डॉक्टर राहत से हुई, जो बाद में उनकी जीवनसंगिनी बनीं। राहत ने मुश्किल दौर से गुजर रहे बशीर बद्र को संभाल ।भोपाल में उन्होंने नया आशियाना बसाया।

### भारत सरकार ने 1999 में 'बशीर बद्र को पद्मश्री' से सम्मानित किया था

*बशीर बद्र (पूरा नाम सैयद मोहम्मद बशीर) का जन्म 15 फरवरी 1935 को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में हुआ था। उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त की थी और वहीं से पीएचडी पूरी की। बाद में वे इसी विश्वविद्यालय में उर्दू के प्रोफेसर भी रहे। बशीर बद्र अपनी सरल, रूमानी और असरदार गजलों के लिए खास पहचान रखते हैं। उन्होंने गजल लेखन में आम बोलचाल और देसी शब्दों को खूबसूरती से शामिल कर उसे नई पहचान दी। उर्दू साहित्य और गजल लेखन में बेहतरीन योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें वर्ष 1999 में 'पद्मश्री' से सम्मानित किया था।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28